डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

रॉयल पत्रिका के सफलतापूर्वक 19 वर्ष पूरे होने पर पाठकों को दिली मुबारकबाद।

# रॉयल पत्रिका

रिश्तों और नौकरियों के लिए पढ़ें पेज 5

वर्ष : 20 | अंक : 01 | पेज: 08 | जयपुर, सोमवार, 03 फ़रवरी से 09 फरवरी 2025 | साप्ताहिक | मूल्य: 5 रुपए

## 12 लाख की आमदनी पर कोई टैक्स नहीं

**- करीब 2 करोड़ टैक्सपेयर्स पर फोकस रहा बजट**
**- महंगाई, बेरोजगारी, विकसित भारत, 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं**
**- कृषि, ग्रामीण विकास, अरबन डेवलपमेंट, शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र को कम बजट दिया गया है**
**- देश में कमजोर, आर्थिक रूप से एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यक समुदाय के लिए बजट में कुछ नहीं दिया गया है**




**एम खान**

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। केंद्रीय वित्त अत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को बजट 2025-26 का बजट संसद में पेश किया। बजट में 12 लाख तक की आमदनी वालों का टैक्स माफ कर दिया गया है। देश में करीब 2 करोड लोग हैं, जिनको 12 लाख की आमदनी की सीमा का फायदा मिल सकता है। भाजपा नेता, भाजपा सरकार और मीडिया केंद्रीय बजट को ऐसे पेश कर रहा है कि देश में सिर्फ दो करोड़ लोग ही जिनकी मोदी सरकार ने चिंता की। करीब दो से तीन करोड़ लोग ऐसे हैं जिनकी आमदनी 12 लाख वार्षिक से ज्यादा है। कुल मिलाकर पिछली बार 6 से 7 करोड लोगों ने सरकार को टैक्स दिया था। लेकिन मोदी सरकार ने बजट में देश में महंगाई, बेरोजगारी से निबटने का कोई उपाय नहीं बताया है। विकसित भारत का सपना और पांच ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य कैसे पूरा किया जाएगा, केंद्रीय बजट में नहीं बताया गया है।

**बजट में बहुत कुछ छिपाया जा रहा है:** वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक पुण्य प्रसून बाजपेयी ने कहा कि कारोपरेटर्स ज्यादा मुनाफा कमा रहा है और उनकी आमदनी बढ़ती जा रही है। लेकिन उन पर टैक्स नहीं बढ़ाया। देश के कॉर्पोरिटर के लाखों करोड़ों के कर्ज माफ कर दिए लेकिन देश के किसानों के कुछ हजार करोड़ माफ नहीं किए हैं। मोदी सरकार ने देश की करीब 135 करोड़ आबादी के लिए बजट में कैसे फायदा पहुंचेगा बजट में पता नहीं बताया। नया आयकर बिल संसद में कुछ दिन बाद पेश किया जाएगा। इस बिल के बाद ही बजट में सरकार की असलियत नजर आएगी। इसी तरह वरिष्ठ पत्रकार हेमंत अत्री ने कहा कि मोदी सरकार के बजट की वास्तविकता नए आयकर बिल संसद में पेश होने के बाद पता चलेगी। नया आयकर बिल सोची-समझी रणनीति के तहत दिल्ली विधानसभा चुनाव 5 फरवरी के बाद पेश किया जाएगा। यदि यह बिल एक फरवरी 2025 को ही पेश कर दिया जाता तो दिल्ली विधानसभा में भाजपा को फायदा नहीं पहुंचता। हेमंत अत्री का कहना है कि देश पर कर्ज का बड़ा बोझ है, जिसका 11 लाख करोड़ ब्याज के रूप में चुकाना पड़ता है। मोदी सरकार में जीएसटी टैक्स हर महीने बढ़ रहा है और सरकार इस टैक्स से आमदनी 20,000 करोड़ प्रति महीने तक बढ़ाना चाहती है। उनका कहना है कि सरकार ने गाल को सहलाया है, थप्पड़ पड़ना अभी बाकी है। इससे साफ पता चलता है कि बजट में जो बताया जा रहा है उसकी वास्तविकता कुछ दिन बाद नये आयकर बिल पेश होने के बाद पता चलेगी।

**देश के अल्पसंख्यकों को नजरअंदाज किया:** देश में आर्थिक रूप से कमजोर, शैक्षणिक रूप से पिछड़े एवं गरीब और अल्पसंख्यक वर्ग विशेषकर मुस्लिम वर्ग के लिए बजट 2025-26 में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। जबकि किसी भी वर्ग, जाति एवं समुदाय के पिछड़ेपन को दूर करने की जिम्मेदारी देश की मोदी सरकार की है। जब तक देश में हर वर्ग का विकास नहीं किया जाएगा तब तक विकसित भारत का सपना अधूरा ही माना जाएगा। मोदी का नारा सबका साथ और सबका विकास सिर्फ दिखावा प्रतीत होता है।

## प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ ने 2013 की याद दिलाई, आजम खान ने तब इस्तीफा दिया था

जयपुर। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान अमृत स्नान से पहले हुई भगदड़ ने 2013 की घटना की याद ताजा कर दी है, जब इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में 36 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। उस समय कुंभ मेले के प्रभारी मंत्री रहे आजम खान ने इस हादसे की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दिया था, हालांकि तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया था। आजम खान ने 2013 के हादसे के बाद कहा था कि यह दुर्घटना कुंभ मेला क्षेत्र के बाहर (रेलवे स्टेशन पर) हुई थी, लेकिन फिर भी उन्होंने अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने प्रशासन की तरफ से किए गए प्रयासों का बचाव करते हुए विपक्ष के आरोपों का सामना किया था। वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और विपक्षी दलों ने आजम खान को कुंभ मेला का प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि कुंभ जैसे धार्मिक आयोजन की जिम्मेदारी एक ऐसे व्यक्ति को दी जानी चाहिए, जो हिंदू परंपराओं के प्रति श्रद्धा रखता हो। इन विवादों के बावजूद, मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आजम खान का समर्थन करते हुए उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया था।

**महाकुंभ 2025 और अमृत स्नान विवाद** : हाल ही में प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान संगम तट पर बैरियर टूटने से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई, जिससे करीब 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कुछ लोग घायल हो गए। महाकुंभ में सरकार की व्यवस्थाओं पर आरोप लगने लगे हैं। कई साधु संतों और नेताओं ने 2013 के महाकुंभ में प्रभारी मंत्री आजम खान की कुशल व्यवस्थाओं की तारीफ की। माना जा रहा है कि आजम खान ने पिछले महाकुंभ की सभी व्यवस्थाएं कुशलतापूर्वक करवाई थी। वर्तमान सरकार महाकुंभ जैसे पवित्र तीर्थ मेले का कुशल मैनेजमेंट करने की बजाय राजनीति ज्यादा कर रही थी। उत्तर प्रदेश सरकार के पुलिस अधिकारी भी हिंदू तीर्थ यात्रियों को लेकर गंभीर दिखाई नहीं दिए।

रॉयल पत्रिका के सफलतापूर्वक 19 वर्ष पूरे होने पर
एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



Dr. Mohammed Hussain
Gen. Surgeon
MBBS, MS (Gen Surgery)
Senior Specialist in Gen Surgery
Govt UCHC Motikatla Jaipur

रॉयल पत्रिका के सफलतापूर्वक 19 वर्ष पूरे होने पर
एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



Hafiz Manzur Ali Khan
Chairman : All India Tanzeem-e-Millat
Vice President : Jameeat Ulema-e-Hind
President : Joint Muslim Association
President : Muslim Minority Development Committee

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं
रॉयल पत्रिका के सफलतापूर्वक 19 वर्ष पूरे होने पर दिली मुबारकबाद



एडवोकेट अब्दुल वाहिद नकवी
अध्यक्ष : दी बार एसोसियेशन वक्फ जयपुर (राज.)
पूर्व मेंबर : राजस्थान वक्फ विकास परिषद, राजस्थान सरकार
मनोनीत सदस्य: राजस्थान बार काउंसिल जोधपुर
प्रदेश उपाध्यक्ष: विधि एवं मानव अधिकार विभाग कांग्रेस आई राजस्थान
प्रदेश महासचिव: राजस्थान नकवी वेलफेयर सोसाइटी जयपुर
पता : चेंबर नंबर 106, न्यू बिल्डिंग, ए ब्लॉक राजस्थान हाई कोर्ट बेंच मो. नं. 9414439775

रॉयल पत्रिका के सफलतापूर्वक 19 वर्ष पूरे होने पर
एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रफीक गारनेट
समाजसेवी एवं शिक्षाविद

रॉयल पत्रिका के सफलतापूर्वक 19 वर्ष पूरे होने पर
एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रूबी खान
उपाध्यक्ष : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी , अल्पसंख्यक विभाग
सचिव : राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

कैप्टन मिर्जा एम. बैग
एयरलाइंस पायलट एवं समाजसेवी

रॉयल पत्रिका के सफलतापूर्वक 19 वर्ष पूरे होने पर
एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अनवर अली
Mob. 9887419219
अध्यक्ष



A.P.S. School



इक़बाल दानिश खान
Mob. 9929169681
सचिव

M. K. Vihar, Nai ki Thadi, Ramgarh Road, Jaipur

रॉयल पत्रिका के सफलतापूर्वक 19 वर्ष पूरे होने पर
एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



फिरोजुद्दीन
जिला अध्यक्ष : वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया
महासचिव : कब्रिस्तान बचाओ कमेटी, शास्त्री नगर, जयपुर
उपाध्यक्ष : हिन्दू-मुस्लिम एकता समिति, जयपुर

रॉयल पत्रिका के सफलतापूर्वक 19 वर्ष पूरे होने पर
एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



Molana Mohammed Amjad



Mohtamim Madarsa

Madarsa Ashraful Uloom Daudpur Alwar, Rajasthan



# लोहरवाड़ा ग्राम पंचायत के भामाशाहों द्वारा लाडेसर किट का कार्यक्रम का आयोजन हुआ



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत लोहरवाड़ा के स्थित भामाशाहों के द्वारा लाडेसर किट वितरण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा वितरण किया गया। कलेक्टर के द्वारा लाडेसर किट वितरण कार्यक्रम की श्रृंखला में गोविंदगढ़ के स्थित महीला बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोरमा शर्मा के तत्वावधान में लोहरवाड़ा पंचायत में सरपंच मनोहर लाल, पूर्व सरपंच जगदीश प्रसाद यादव, डाक्टर मुकेश यादव, आयुर्वेदिक डाक्टर अचला सैनी, ए एन एम कमला कुमावत, प्रिंसिपल गुड़ी जाट, अंतपुरा चिमनपुरा पंचायत में ए एन एम सुनीता चौधरी द्वारा भामाशाह से प्राप्त लाडेसर किट का वितरण किया गया है। एक किट का वजन 3.250 ग्राम है। अतिकुपोषित और कुपोषित बच्चों को दिया जाएगा। तीन माह तक और बच्चों की वजन लंबाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा। भामाशाह पूर्व सरपंच जगदीश प्रसाद यादव द्वारा बच्चों को 40 स्वेटर दिए गए। उपसरपंच गिरधारी यादव द्वारा साउंड सिस्टम दिया गया। भामाशाह बाबूलाल द्वारा बच्चों को लाडेसर किट दिए गए। अंतपुरा चिमनपुरा लोहरवाड़ा पंचायत में 10 महिलाओं की गोद भराई कराईं गई। अंतपुरा चिमनपुरा पंचायत का स्कूल स्टाफ मौजूद रहा अंतपुरा चिमनपुरा लोहरवाड़ा पंचायत की कार्यकर्ता सहायिका आशा सहयोगिनी और ग्रामवासी मौजूद रहे।

# हजरत हाजिब शक्कर वार बाबा नरहड़ी का सालाना एक दिवसीय उर्स का आयोजन



चौमू (रॉयल पत्रिका)। पठानों के मोहल्ले में हाजिब शक्कर वार बाबा नरहड़ी का उर्स मनाया गया, जिसमें हजारों की संख्या में जायरीनों ने भाग लिया सुबह दरगाह में रौशनी की गई बाद नमाज असर के चादर पेश की गई मगरीब की नमाज के बाद लंगर और तबर्रुक बाँटा गया। सुबह से ही ईमाम चौक पठानों के मोहल्ले में बड़ी तादाद में बुजुर्गो, औरतों, बच्चों की गहमा गहमी चारों तरफ नजर आई, तरह तरह की दुकानें सज रही थी। जयपुर के मारूफ व मशहूर कवाल सईद साबरी, फरीद साबरी द्वारा क़व्वाली पेश की ख़्वाजा गरीब नवाज की शान में और हाजिब शक्कर वार बाबा नरहड़ी की शान में कलाम पेश किए, जिसको सुनकर दरगाह परिसर में एक रूहानी समा बन गया। बाद नमाज ए ईशा के क़व्वाली शुरू हुई और सुबह दरगाह में 4 बजे कुल की रस्म अदा की गई। उर्स में इन लोगों ने शिरकत की- जफर मोहम्मद खान मौलाना, शब्बीर खान, रफीक खान, शब्बीर खान पटेल, ईरशाद खान, लियाकत मंत्री, अली हसन, शमशेर खान, भीखन खान, यूनुस खान, नसीर खान, यूशुब खान, ईमरान खान राहत आलम, अलीशेर खान, अकबर खान उस्मान खान, वली उर रहमान, नौशाद अली, हबीब खान नेताजी, हयात खान, और भी शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# उमराह पर जाने वालों हमारा सलाम कहना



सांगानेर, (रॉयल पत्रिका)। हर मुस्लिम की इच्छा होती है कि, वे हज करने जाए, उमराह करने जाए, और न जा सकने वालों की इच्छा होती है कि वे उनसे मिलकर अपना पैगाम सरकार ए दो आलम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के दरबार में भेजें और हमारे लिए दुआ करें। यह सिलसिला सालों से चला आ रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन द्वारा इमरान लोहार के माता-पिता के हज उमराह पर जाने पर संगठन के पदाधिकारी मुकेश वर्मा, दिनेश शर्मा, अब्दुल भाई पटेल, पिंकी अग्रवाल,आदि ने फूल माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया।

## ग़ज़ल

शहर में उसके जो आया लुटना था उसका लाज़िमी
इसका अब क्या करें लुटकर कोई जाता ना था

लफ़्ज़ बढ़ियां छांट कर लाता था मेरे वास्ते
ज़ायका उसका मगर क्या करें भाता ना था

इक अंधेरी सी गुफ़ा में ढूंढता था हर कोई
लड़ते थे आपस में कोई रोशनी लाता ना था

ज़िन्दगी के राज़ पोशीदा हैं अब तक दोस्तों
राज़ अपने पास रख लेता बताता ना था

रास्ते शफ़्फ़ाफ़ थे मंज़िल भी बिल्कुल साफ़ थी
रहबर भी मेरे साथ था रस्ता कहीं जाता ना था

**मौलिक रचना:- फ़ज़लुर्रहमान**
**सहायक सचिव (सेवानिवृत्त)**
**मो.98286 68877**

# चौमूं में सरकारी आवासीय योजना लागू करने की माँग

## -पूर्व पार्षद राजेश वर्मा ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। चौमूं में आमजन की आवासीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकारी आवासीय योजना लागू करने की माँग को लेकर शुक्रवार को पूर्व पार्षद राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह से भेंट कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में वर्मा ने बताया कि चौमूं नगर परिषद एवं उपखंड मुख्यालय होने के बावजूद अब तक सरकारी स्तर पर कोई भी आवासीय योजना स्वीकृत नहीं की गई है। इस कारण निम्न, मध्यम एवं उच्च आय वर्ग के नागरिकों के लिए किफायती दरों पर घर खरीदना एक चुनौती बन गया है। निजी बिल्डरों द्वारा निर्धारित ऊँची कीमतों के कारण आमजन को घर खरीदने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी आवासीय योजना की अनुपलब्धता के चलते चौमूं के नागरिकों को महंगे निजी बिल्डरों पर निर्भर रहना पड़ता है। गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए आवासन मंडल या जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) के माध्यम से एक समर्पित आवासीय योजना लागू की जानी चाहिए, जिससे हजारों परिवारों को अपने घर का सपना पूरा करने का अवसर मिलेगा।ज्ञापन के माध्यम से वर्मा ने मुख्यमंत्री से आगामी राज्य बजट 2025-26 में चौमूं के लिए सरकारी आवासीय योजना को शामिल करने की माँग की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सरकार इस महत्वपूर्ण विषय पर गंभीरता से विचार करेगी और शीघ्र ही चौमूं के नागरिकों के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महासचिव घनश्याम बुटोलिया, समाजसेवी छीत्तमल बेरवाल बाबूजी भी उपस्थित थे।

# भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में मानक क्लब की तृतीय गतिविधि

## - मानक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शेरपुर सवाई माधोपुर में अध्यापक मोहम्मद अज़हरुद्दीन खान ने मानक क्लब के सदस्यों को मानक क्लब के कार्यक्षेत्र, मानक चिन्ह के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य लुकमान अहमद ने छात्राओं को भारतीय मानकों की आवश्यकता एवं महत्व के साथ-साथ उनके उपभोग करने की सलाह देते हुए इस अभियान को सशक्त बनाने हेतु प्रेरित किया। प्रतियोगिता के बाद प्रतिभागियों को अल्पाहार करवाया गया और पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें छात्रा कोमल सैनी ने (कक्षा-9) प्रथम स्थान, सुगना (कक्षा-10) ने द्वितीय स्थान, सोनम (कक्षा-09) ने तृतीय स्थान,तथा आलिया (कक्षा-08) ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। मेंटोर टीचर मोहम्मद अजहरुद्दीन खान ने विद्यार्थियों को वस्तुओं के निर्धारित मानकों तथा वस्तुओं की गुणवत्ता निर्धारण और मानक युक्त वस्तुओं के उपयोग करने व कराने के लिए प्रेरित किया। निर्णायक मंडल में सत्यनारायण सोनी, भरतलाल सैनी ने सहयोग किया। इस मौके पर रिसोर्स पर्सन बीआईएस पवन कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

# मोहम्मद नासिर करेंगे राजस्थान का प्रतिनिधित्व



सवाई माधोपुर,(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद,जयपुर के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय समृद्धि प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा कोटा में किया गया। आयोजक कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा कोटा व कार्यक्रम प्रभारी जगदीश सोनी ने बताया कि कला समेकित शिक्षा अधिगम कौशल का शिक्षण कार्य में इस्तेमाल कर सभी संभागियों ने अपने नवाचारों की प्रस्तुतियां दी। शिक्षक मोहम्मद नासिर ने संसार के महाद्वीपों की जानकारी चल थियेटर के माध्यम से बड़े ही रोचक अंदाज में प्रस्तुत की। प्रस्तुति का समय दस मिनट निर्धारित था। इसमें प्रथम स्थान करोली जिले के अमित शर्मा, द्वितीय स्थान सवाई माधोपुर के मोहम्मद नासिर, तृतीय स्थान कोटा के दिनेश कसेरा रहे। कार्यक्रम प्रभारी ने बताया कि आगामी प्रतियोगिता में ये लोग राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। निर्णायक दल में प्रिंसिपल घनश्याम शर्मा, महेश नागर, विनोद मिश्र, आदित्य विजय, महेंद्र कुमार चौधरी ने भूमिका निभाई। संचालन पूर्व शिक्षा अधिकारी जगदीश वर्मा ने किया। एडीपीसी समसा रूपेश कुमार सिंह ने प्रमाणपत्र, शील्ड, चेक वितरण किया। शिक्षक मोहम्मद नासिर की उपलब्धि पर सवाई माधोपुर अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा की सीडीओ कृष्णा शर्मा, एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता, एपीसी राकेश कुमार मीना, शशिकला बंसीवाल, कार्यक्रम अधिकारी चंद्रमोहन शर्मा, डाइट सवाई माधोपुर से श्रीकांत शर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए बधाईयां दी।

# सद्दाम बिग बॉस ने गणतंत्र दिवस पर बच्चों का किया सम्मान



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। टोंक जिले के छोटे से गांव कुरैडी के उभरते सितारे सद्दाम बिग बॉस ने इस गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक अनोखी पहल की। गणतंत्र दिवस के दिन उन्होंने गांव के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा दिया। सद्दाम बिग बॉस, जिनका नाम शॉर्ट फिल्म इंडस्ट्री में चर्चित हो चुका है, ने इस दिन गांव में झंडा फहराया और समृद्धि सेवा संस्थान के साथ मिलकर खेलों और शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस सम्मान समारोह में लालाराम मीणा, जो कार्यक्रम के आयोजक थे, ने बताया कि यह पहल हर साल की तरह इस बार भी बच्चों को उनके मेहनत के लिए सराहने के लिए की गई है। खासकर वे बच्चे जिन्होंने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और जिन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने गांव और विद्यालय का नाम रोशन किया। समारोह में सांवरिया सेठ, समृद्धि सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सोनू भट्ट, मोहम्मद इस्माइल खान, मोहम्मद ताहिर हुसैन, और आदर्श कल्याण विद्या मंदिर के वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित थे। इस आयोजन ने न केवल बच्चों को सम्मानित किया बल्कि उनके अंदर देशभक्ति और कड़ी मेहनत की भावना भी पैदा की। इस प्रकार के कार्यक्रम निश्चित रूप से ग्रामीण बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे और समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने का काम करेंगे।

# मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा का गणतंत्र दिवस पर किया सम्मान



सांगानेर (रॉयल पत्रिका)। तक्षशिला इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदरामपुरा में 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर सबके दिल जीत लिए। इस अवसर पर भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा का विद्यालय के निदेशक रामलाल चौधरी ने साफा माला पहनाकर एवं शील्ड प्रदान कर स्वागत सत्कार किया गया।

# डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को गणेश शंकर विद्यार्थी स्मृति अवॉर्ड से किया सम्मानित



सवाईमाधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। वरिष्ठ भाजपा नेता, साहित्यकार, समाजसेवी और राष्ट्रवादी विचारक डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को गणेश शंकर विद्यार्थी स्मृति अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें वीणा वादिनी सेवा मंच, फिरोजाबाद और बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी, आगरा द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में दिया गया। समारोह में संस्था के सचिव आर्यन निषाद और अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ऋषि ने डॉ. चतुर्वेदी को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। डॉ. चतुर्वेदी को यह सम्मान उनके शैक्षिक और सामाजिक क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए दिया गया है। डॉ. चतुर्वेदी पिछले 35 वर्षों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए हैं। वे कई वर्षों से साहित्यिक और शैक्षिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. चतुर्वेदी ने 15 पुस्तकें लिखी हैं और 17 शोधार्थियों के शोध निदेशक के रूप में कार्य किया है। इसके अलावा, उन्होंने लगभग 150 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया और अपनी विद्वता का प्रदर्शन किया। वे कई साहित्यिक पत्रिकाओं के संपादक भी रहे हैं और उनकी 150 कहानियाँ और आलेख विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। इसके अलावा, आकाशवाणी और दूरदर्शन पर भी उनकी कई वार्ताएं प्रसारित हो चुकी हैं। डॉ. चतुर्वेदी को भारत के विभिन्न प्रांतों से 105 बार राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। डॉ. चतुर्वेदी न केवल एक कुशल समीक्षक और वक्ता हैं, बल्कि वे एक उत्कृष्ट मंच संचालक भी हैं। वे सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रिय रहते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं। यह पुरस्कार डॉ. चतुर्वेदी की साहित्यिक, शैक्षिक और सामाजिक सेवाओं को मान्यता प्रदान करता है और उनकी उपलब्धियों का आदान-प्रदान समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है।

# गरीबों के हमदर्द सुरेश चंद सेन पवार ने अपनों के संग मनाया जन्मदिन



जयपुर, (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान के प्रसिद्ध समाजसेवी और श्री मानव सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद्रसेन पंवार ने इस साल अपना जन्मदिन बेहद खास तरीके से मनाया। उन्होंने कच्ची बस्तियों में जाकर गरीब बच्चों को खाना वितरित किया और उन्हें मिठाइयाँ तथा बिस्किट बांटकर पुण्य कमाया। यह आयोजन सांगानेर क्षेत्र के गरीब बच्चों और जरूरतमंदों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बन गया। पंवार की इस नेक पहल को देखकर आसपास के लोग भी उनके साथ जुड़ गए और इस मौके पर कई समाजसेवियों, पत्रकारों और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने बधाई दी। राजस्थान के विभिन्न जिलों से बधाईयों का सिलसिला मध्य रात्रि तक चलता रहा। इस मौके पर संस्था के कार्यकर्ताओं ने गीतांजलि होटल में एक भव्य पार्टी का आयोजन किया। इस शानदार पार्टी में सुरेश चंद्रसेन पंवार के साथ सुरेश सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सरना, दिशा संदेश मीडिया के चीफ एडिटर विकास डाबरा, पत्रकार चंद्रभान सक्सेना, समाजसेवी पवन ऐंचारा, हंगामा न्यूज़ के संपादक गणेश काला, समाजसेवी महेंद्र सिंह राठौड़, दीपक कुमार डुलानी और कई अन्य प्रतिष्ठित लोग मौजूद थे। पार्टी के दौरान संस्था के कार्यकर्ताओं और मित्रों ने सुरेश चंद्रसेन पंवार को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके समाजसेवा के कार्यों की सराहना की।

पंवार की यह पहल समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और दयालुता को दर्शाती है, जो उन्हें राजस्थान में एक आदर्श समाजसेवी के रूप में स्थापित करती है।

# अल्पसंख्यक वर्ग के जैन समुदाय ने केन्द्र सरकार का जताया आभार

## - महाश्रमण युगशिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागरजी महाराज की स्मृति में केन्द्र सरकार जारी करेगी 100 रुपए का सिक्का

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। केंद्र सरकार ने श्रमण संस्कृति के महाश्रमण युगशिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस के अवसर पर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। केन्द्र सरकार के वित्त मंत्रालय ने 31 जनवरी को एक गजट नोटिफिकेशन जारी कर 100 रुपए का विशेष स्मारक सिक्का जारी करने की घोषणा की है। केंद्र सरकार के इस निर्णय का अल्पसंख्यक वर्ग का जैन समुदाय तहेदिल से स्वागत करता करता है।

इस अवसर पर श्रमण डॉ.पुष्पेंद्र मुनी ने इस घोषणा को अल्पसंख्यक वर्ग के जैन समुदाय के लिए गौरव का क्षण बताया। यह सिक्का 6 फरवरी को आचार्यश्री के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर जारी किया जाएगा। इस अवसर पर राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् के सह संरक्षक मंगल चन्द जैन ने बताता महाश्रमण युगशिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस केन्द्र सरकार के द्वारा जारी किया गया विशेष सिक्का 44 मिलीमीटर व्यास का वृत्ताकार होगा, जिसमें मिश्र चतुर्धातु का प्रयोग किया जाएगा। इस मिश्र धातु में चांदी 50 प्रतिशत,तांबा 40 प्रतिशत,निकल 5 प्रतिशत और जस्ता 5 प्रतिशत शामिल होगा।

सिक्के के अग्रभाग में अशोक स्तंभ का चिह्न होगा जिसके नीचे ' सत्यमेव जयते ' अंकित होगा। इसकी परिधि पर देवनागरी में ' भारत' और अंग्रेजी में ' INDIA' लिखा होगा। स्तंभ के नीचे ₹100 का अंकन होगा।

वर्धमान दिगम्बर जैन मन्दिर के प्रवक्ता बृजेन्द्र कुमार जैन ने बताया महाश्रमण युगशिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर भारत सरकार द्वारा जारी किए जा रहे सिक्के के पृष्ठ भाग पर आचार्य विद्यासागर महाराज का चित्र होगा, जिसके बाईं ओर कमंडल और दाईं ओर पिच्छी का चित्रांकन किया जाएगा। ऊपरी परिधि पर देवनागरी और अंग्रेजी दोनों लिपियों में 'संत शिरोमणि दिगंबर जैनाचार्य विद्यासागर महामुनिराज' का लेख होगा।

इस अवसर पर राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् के अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन ने बताया की महाश्रमण युगशिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागरजी महाराज की स्मृति में सिक्का जारी करने के लिए 13 अप्रैल को निवेदन किया था।

माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र जी मोदी और कैबिनेट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा वित्त सचिव अजय सेठ ने उचित कार्यवाही करते हुए अल्पसंख्यक वर्ग के जैन समुदाय को महाश्रमण युगशिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस से पहले यह घोषणा कर अनुपम उपहार दिया है।

इसके लिए भारत वर्ष का जैन समुदाय केन्द्र सरकार का आभारी है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक वर्ग के जैन समुदाय के युवा वर्ग तथा समाज श्रेष्ठियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अल्पसंख्यक मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री किरन रिजिजू और राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन तथा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा व अल्पसंख्यक मंत्रालय के सचिव एस चन्द्रशेखर का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया ।


## पुण्यतिथि

**8वीं पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि**



देवलोकगमन दिवस
स्व. श्री मृगेंद्र सिंह भदौरिया (06-02-2018) की 8वीं पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारजन अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत : डॉ. आरती भदौरिया, यशवर्धन सिंह भदौरिया
वसुंधरा सिंह भदौरिया, याशवी भदौरिया
सवाई माधोपुर, राजस्थान

## रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।

-संपादक

Scan Here

# राजस्थान मुस्लिम फ़ोरम ने सूर्य नमस्कार के आदेश का विरोध किया




जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान मुस्लिम फ़ोरम द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा 3 फरवरी 2025 को राज्य के सभी स्कूलों में सूर्य नमस्कार कराने के आदेश का विरोध किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजस्थान मुस्लिम फ़ोरम के महासचिव मोहम्मद नाज़िमुद्दीन ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा यह आदेश शिक्षा के नाम पर धार्मिक मान्यताओं को थोपने का प्रयास है, जो धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। उन्होनें इसका विरोध किया कि राजस्थान सरकार के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा समस्त माध्यमिक शिक्षा उपनिदेशकों तथा ज़िला शिक्षा अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वह सूर्य सप्तमी के अवसर पर यह सुनिश्चित करें कि सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में प्रार्थना सभा का समय 20 मिनट निर्धारित करके सूर्य नमस्कार करवाया जाए।

जमीअत उलमा-ए-हिन्द राजस्थान के उपाध्यक्ष हाफ़िज़ मन्ज़ूर अली ने कहा हिन्द समाज में सूर्य को भगवान/देवता के रूप में पूजा जाता है जिसमें कई श्लोकों के उच्चारण के साथ प्रणामासन्न, अष्टांग नमस्कार आदि क्रियाओं को इबादत समझ कर किया जाता है और इस्लाम धर्म में एक ईश्वर की ही इबादत जायज़ है और अन्य किसी की पूजा अस्वीकार्य है। इसलिए हम सरकार के इस फ़ैसले का विरोध भी करते हैं और सरकार से अपील करते है कि वह उक्त आदेश को तुरन्त वापिस ले।

एस. डी. पी. आई. राजस्थान के उपाध्यक्ष डॉक्टर शहाबुद्दीन ने कहा कि भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है जिसके हर नागरिक को विचार, विश्वास, आस्था और पूजा की स्वतंत्रता प्राप्त है और वह अपनी पसंद का धर्म अपनाने, उसकी पालना करने और उसका प्रचार करने के लिये स्वतंत्र है। संविधान की धारा 25, 26, 28 के अनुसार किसी भी सरकारी या सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थान में किसी धर्म विशेष से सम्बंधित निर्देश नहीं दिये जा सकते और न ही ऐसे संस्थानों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को किसी धार्मिक कार्य में सम्मिलित होने पर बाध्य किया जा सकता है। सूर्य नमस्कार का उक्त आदेश एकेश्वरवाद में विश्वास करने वाले लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करता है। अतः माध्यमिक शिक्षा निदेशालय का उपरोक्त आदेश पूर्ण रूप से संविधान द्वारा दिये गए मूल अधिकार का हनन है।

उन्होने सरकार का ध्यान इस ओर दिलाया कि केरल में बिजोय इमानुअल व अन्य टधे् केरल राज्य एवं अन्य (।प्त् 1987 ब् 748 ख्3,) में 11 अगस्त 1986 को एक महत्वपूर्ण फ़ैसले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि किसी को भी राष्ट्रगान या कोई भी गीत गाने के लिये बाध्य नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार, मध्य प्रदेश, बिहार और गोवा की सरकारों ने सूर्य नमस्कार एवं सरस्वती वंदना आदि को स्कूलों में अनिवार्य करने का प्रयास किया था जिस पर उन राज्यों के उच्च न्यायालयों ने रोक लगा दी थी। राजस्थान सरकार का यह क़दम भी इसी प्रकार का प्रयास है। हमारा मानना है कि राज्य सरकार के शिक्ष निदेशालय का यह आदेश पूर्ण रूप से संविधान विरोधी तथा राज्य के आपसी प्रेम एवं भाईचारे के वातावरण को नुक़सान पहुँचाने वाला है। हमारा यह भी मानना है कि इस आदेश को लागू किया गया तो बच्चों के कोमल मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और उनमें धार्मिक आधार पर विभाजन की भावना पनपेगी।

मन्सूरी तेली महापंचायत के महासचिव अब्दुल लतीफ़ आरको ने कहा कि हम व्यायाम या वर्जिश करने के विरोध में नहीं है लेकिन स्कूलों में विशेष धर्म संस्कृति को बढ़ावा देने का हम विरोध करते हैं। सूर्य नमस्कार एक विशेष धर्म संस्कृति से जुड़ा हुआ है जिसमें सूर्य की पूजा करने के लिए कई योग आसन किए जाते हैं। यह इस्लाम धर्म के सिद्धांतों के ख़िलाफ़ है। स्कूलों में सभी धर्म समुदाय के बच्चे पढ़ते है, लेकिन सरकार एक विशेष धर्म संस्कृति को ही बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। यह भी ज्ञात रहे कि राजस्थान उच्च न्यायालय ने पहले ही सूर्य नमस्कार को वैकल्पिक कर दिया था।

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए मुहम्मद नाज़िमुद्दीन ने कहा यह बात भी बहुत हास्यपद है कि राजस्थान सरकार शिक्षा में गुणवÿा का रिकार्ड बनाने के बजाए सूर्य नमस्कार में विश्व रिकॉर्ड बनाने की होड़ मे लगी है। अगर सरकार को रिकॉर्ड ही बनाना है तो शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल रहने का रिकॉर्ड बनाएं, स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का रिकॉर्ड बनाएं। आज भी राजस्थान के कई स्कूलों में पर्याप्त अध्यापक और अच्छी बिल्डिंग, पीने का साफ पानी, छात्र छात्राओं के लिए शौचालय, कक्षा में बैठने के लिए फर्नीचर जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार को शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए, न कि धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर।

ऑल इंडिया मिल्ली कॉउन्सिल राजस्थान के सचिव मोहम्मद शौकत क़ुरेशी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अन्त मं सिभी धार्मिक, सामाजिक, मानवाधिकार संगठनों से जुड़े लोगों ने सरकार से मांग की कि 3 फरवरी को स्कूलों में सूर्य नमस्कार का आयोजन करवाने के आदेश को तत्काल रद्द करे और सभी स्कूलों में धार्मिक तटस्थता बनाए रखे तथा सभी नागरिकों के धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करे ताकि संविधान की गरिमा को किसी प्रकार की ठेस न पहुँचे तथा प्रदेश में शान्ति, सद्भाव एवं भाईचारे का वातावरण बना रहे।

## वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक, आगामी चुनावों की तैयारी




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक जयपुर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) कासिम रसूल इलियास ने की। बैठक में प्रदेश प्रभारी शीमा मोहसिन साहिबा, राष्ट्रीय सचिव भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थीं। बैठक में प्रदेश की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और आगामी निगम एवं पंचायत चुनावों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान चुनावों के लिए तीन अहम कमेटियों का गठन किया गया – चुनाव कमेटी, घोषणा पत्र कमेटी, और कोष कमेटी। चुनाव कमेटी के संयोजक मोहम्मद आसिफ हुसैन, और कोष कमेटी के संयोजक रहीश अहमद को नियुक्त किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी ने निर्णय लिया कि पार्टी आगामी चुनावों में 8 जिलों में हिस्सा लेगी। इसके अलावा, बैठक में सर्वसम्मति से अरशद अली को प्रदेश महासचिव (संगठन) के पद पर नियुक्त किया गया, जो संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह बैठक पार्टी के आगामी चुनावों में सफलता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## हज 2025 के लिए जरूरी सूचना, हाजी साहिबान से दस्तावेज़ जमा कराने की अपील



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। हज 2025 में जाने वाले हाजी साहिबान के लिए राजस्थान हज वेलफेयर सोसाइटी की ओर से जरूरी सूचना जारी की गई है। हाजी साहिबान से अपील की गई है कि वे 18 फरवरी 2025 तक अपने पासपोर्ट और दो ताजे फोटो (सफेद बैकग्राउंड वाले) राजस्थान स्टेट हज कमेटी के ऑफिस, हज हाउस में जमा कर दें।इसके अलावा, एनआरआई हाजी साहिबान को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे अपने ओरिजिनल पासपोर्ट 8 या 9 अप्रैल 2025 तक जमा कराएं। राजस्थान हज वेलफेयर सोसाइटी के उपाध्यक्ष हाजी जावेद कागजी ने सभी हाजी साहिबान से समय पर दस्तावेज़ जमा करने की अपील की है ताकि हज यात्रा की प्रक्रिया में कोई भी परेशानी न आए।इस सूचना का पालन करने से हाजी साहिबान की हज यात्रा में कोई रुकावट नहीं आएगी और सभी दस्तावेज़ समय से पूर्ण हो सकेंगे।

## मदरसा खेल महोत्सव 'उमंग 2K25' का आयोजन जयपुर में, विजेता टीम जिला स्तर पर खेलेगी






जयपुर, (रॉयल पत्रिका) । राजधानी जयपुर में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध की पहल पर प्रथम बार उनके निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक ब्लॉक में मदरसा खेल महोत्सव 'उमंग 2K25' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के प्रत्येक पंजीकृत मदरससा स्कूल की टीम भाग ले रही है। इस महोत्सव में प्रत्येक ब्लॉक से विजेता टीम जिला स्तर पर खेलों में भाग लेगी, और जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी के अंतर्गत शनिवार को खोह नागोरियान ब्लॉक (ग्रुप-9) में मदरसा खेल महोत्सव का आयोजन करीमनगर स्थित निराला गार्डन में किया गया। इस कार्यक्रम में फरहान इसराइली प्रभारी और इमरान खान सह-प्रभारी के रूप में मौजूर रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के मदरसा स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और खेलों का आनंद लिया। स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद जाकिर भी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे और बच्चों की हौसला अफजाई की। इस आयोजन में मुख्य रूप से खो-खो, कबड्डी, लंबी कूद, छोटी कूद, रस्साकशी और रुमाल झपट्टा जैसे खेलों का आयोजन किया गया। अंत में उपस्थित चयनकर्ताओं द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में से ग्रुप 9 के लिए एक टीम चुनी गई। चयनित टीम को जिला स्तर की प्रतियोगिता में भेजा जाएगा, जहां वे जिले भर के अन्य स्कूलों के बच्चों से प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह कार्यक्रम मदरसों के बच्चों के लिए एक अच्छा अवसर साबित हो रहा है, जहां उन्हें खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है।

**ग्रुप 1 का आयोजन, कर्बला में हुई शानदार प्रतियोगिता**

खेल महोत्सव "उमंग 2K25" के तहत ग्रुप 1 का आयोजन शनिवार को जयपुर के कर्बला स्थित हज हाउस लॉन में हुआ, जिसमें आमेर, नाई की थड़ी, रामगढ़ मोड और कर्बला के मदरसों ने भाग लिया। इस शानदार आयोजन में पार्षद प्रतिनिधि अख्तर हुसैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, और बच्चों की भागीदारी की सराहना की। खेल महोत्सव के प्रभारी शकील अहमद और सह प्रभारी सैयद जाहिर अली ने आयोजन की पूरी व्यवस्था की, जिसमें उन्होंने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेलों के माध्यम से उत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को उजागर करना है। इस अवसर पर खो-खो, कबड्डी, लंबी कूद, छोटी कूद, रस्साकशी और रुमाल झपट्टा जैसे खेलों का आयोजन किया गया। आयोजन में भाग लेने वाले सभी बच्चों को गोल्ड मेडल दिए गए। कुल 225 बच्चों ने खेलों में हिस्सा लिया, जिनमें से एक टीम का चयन किया गया, जो जिला स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेगी। कार्यक्रम में अहम योगदान देने वाले अहले सादात वेलफेयर सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष राशिद नकवी और अब्दुल हमीद नकवी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों को इनाम देने में अहम भूमिका निभाई। खेल महोत्सव ने बच्चों के अंदर प्रतिस्पर्धा और सहयोग की भावना को बढ़ावा दिया और समुदाय में एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

## जयपुर बर्ड फेस्टिवल का हुआ भव्य समापन

**- दूसरे दिन फील्ड विजिट में पक्षियों और जैव विविधता पर जानकारी संकलित की**



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्य में हो रहे बर्ड फेस्टिवल की श्रृंखला में पहली बार ग्रीन पीपल सोसाइटी उदयपुर (जयपुर चैप्टर) द्वारा शनिवार से जामडोली के समीप कानोता केम्प में आयोजित हुए जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2025 के दूसरे दिन विशेषज्ञों व पक्षी प्रेमियों ने फील्ड विजिट के माध्यम से पक्षियों का रंगीन संसार निहारा। फील्ड विजिट के साथ ही बर्ड फेस्टिवल का समापन भी हुआ। बर्ड फेस्टिवल संयोजक व रिटायर्ड आईएएस विक्रम सिंह ने बताया कि वन विभाग, पर्यटन विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, रीको तथा डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सहयोग से आयोजित हुए इस बर्ड फेस्टिवल के दूसरे दिन विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर विशेषज्ञ व पक्षी प्रेमियों के चार दलों ने जयपुर के आसपास के वेटलैंड्स का भ्रमण किया और यहां पर पक्षी प्रजातियों की उपस्थिति और जैव विविधता के बारे में जानकारी संकलित की। सिंह ने बताया कि पहला दल पक्षी विज्ञानी डॉ. सतीश कुमार शर्मा के नेतृत्व में सांभर झील, नालियासर, झपका तालाब, कोचिया की ढाणी पहुंचा जहां पर फ्लेमिंगो, पेलिकन, एवोसेट, कॉमन टील, नॉदर्न शोवलर, यूरेशियन विजन, स्पॉट बिल्ड डक, स्पून बिल सहित कई पक्षी प्रजातियों को देखा। इस दल में रिटायर्ड डीएफओ सोहेल मजबूर, पक्षी विशेषज्ञ वीरेंद्र सिंह बेडसा, डॉ. कमलेश शर्मा, शरद श्रीवास्तव, जयवर्धन सिंह आदि शामिल थे। इसी प्रकार दूसरा दल राहुल भटनागर और डॉ. बाशोबी भटनागर के नेतृत्व में रणथंभौर अभयारण्य, तीसरा दल प्रदीप सुखवाल के नेतृत्व में केवलादेव घना अभयारण्य और चौथा दल तितली विशेषज्ञ मुकेश पंवार, रमा कुमारी व पुष्पा खमेसरा के नेतृत्व में झालाना अभयारण्य पहुंचा और यहां पर पक्षी प्रजातियों और अन्य जैव विविधता के बारे में जानकारी एकत्र की।

## राजकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग के नर्सिंग शिक्षक हुए सम्मानित




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जयपुर से संबद्ध राजकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग के शिक्षक और क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट अब्दुल नासिर खान को उनके उत्कर्ष कार्य, ईमानदाराना आचरण और व्यवहार व नर्सिंग शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान और सहयोग के लिए गणतंत्र दिवस पर एसएमएस कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी साहब ने सम्मानित कर दक्षता प्रमाण पत्र प्रदान किया। डॉ. दीपक माहेश्वरी ने खान को इसी तरह अपने योगदान को बराबर छात्र - छात्राओं के हित में करने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके कामों की प्रशंसा की। राजकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रधानाचार्य डॉ. जोगेंद्र शर्मा ने भी उनको कॉलेज प्रांगण में समस्त शिक्षकगणों और छात्र/छात्राओं के बीच खान के कार्यों को सराहा गया और अपने योगदान को इसी तरह करते रहने की हिदायत की और उनकी प्रशंसा की। खान अपने कामों को भविष्य में भी इसी ईमानदारी से करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। खान को समस्त शिक्षकगणों ने उनके इस सम्मान के लिए बधाई दी।

# लखारा शीशगर समाज का छठा सामूहिक विवाह समारोह आयोजित, 21 जोड़ो का हुआ निकाह

**- हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य भी वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे**







जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर के रामगढ़ मोड स्थित करबला मैदान में लखारा शीशगर समाज द्वारा छठे सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस वर्ष समारोह में 21 जोड़ो ने एक दूसरे को अपना जीवनसाथी चुना, और समाज की परंपरा का पालन करते हुए सामूहिक रूप से निकाह हुआ। समारोह के दौरान समाज के अध्यक्ष अनवर मोहम्मद ने सादगी से विवाह करने की अहमियत पर जोर दिया और बताया कि इस्लाम में सादा विवाह को बहुत जरूरी माना गया है।

उन्होंने समाज के परिवारों से अपील की कि वे फिजूल खर्ची से बचते हुए सामूहिक विवाह की इस परंपरा को बढ़ावा दें। समारोह में चार काजियों द्वारा निकाह पढ़ाया गया और समाज के विभिन्न हिस्सों से आए मेहमानों ने इस आयोजन में भाग लिया। इज्तेमाई शादी सम्मेलन में राजस्थान सहित अन्य राज्यों से भी शादी के लिए जोड़े और समाज के लोग बड़ी संख्या में शिरकत करने आए। इस आयोजन का उद्देश्य लखारा शीशगर समाज के गरीब और पिछड़े वर्ग को एकजुट करना और सामूहिक विवाह के जरिए उनकी सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाना है। इस खास मौके पर हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने भी आशीर्वाद देने के लिए समारोह में शिरकत की और नवविवाहित जोड़ो को शुभकामनाएं दीं।

**ये लोग भी रहे मौजूद :**

वही समारोह में ऑल इंडिया मुस्लिम वक्फ संपत्ति संरक्षण बोर्ड के पदाधिकारियों ने भी शिरकत की और समाज के विकास, भाईचारे और देश के समृद्धि के लिए दुआ की। इस अवसर पर संघठन के पदाधिकारियों में रहीस अहमद कुरैशी (संस्थापक), मोइनुद्दीन नारू, अब्दुल रईस, जफर मिर्जा, अकरम कुरैशी, माजिद खान पठान, शाहनवाज लाला, जुनैद आसिफ अख्तर, नवाब कुरैशी, गुलजार कुरैशी, इस्लामुद्दीन अब्बासी, ताहिर गुड् खान, राशिद खान, मोहम्मद शाहरुख, आरिफ़ खान माहीगीर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह का मंच संचालन पार्षद प्रत्याशी शाहनवाज लाला और जावेद भाई ने किया।

## लिव इन में रहने वालों के लिए कोर्ट की कानून बनाने की मंशा, ताकि समाज से नुकसान ना हो



जयपुर। लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाले लोगों के लिए हाईकोर्ट ने कानून बनाए जाने की मंशा जताई है। वहीं इस संबंध में केन्द्र व राज्य सरकार को भी आगामी कार्रवाई के लिए कहा है, ताकि ऐसे रिश्ते में रहने वाले जोड़ों को अपने परिवार, रिश्तेदारों और समाज के सदस्यों के हाथों कोई खतरा न हो। इसके अलावा इनके रजिस्ट्रेशन के लिए कानून नहीं बनाए जाने तक हर जिले में इनके रजिस्ट्रेशन के लिए भी सक्षम प्राधिकरण बनाए जाने की बात कही। अदालत ने कहा कि यह प्राधिकरण ऐसे जोड़ों से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण भी करें। इन रिश्तों से पैदा होने वाले मुद्दों के समाधान के लिए भी अदालत ने एक वेबसाइट शुरू करने के लिए भी कहा है। इसके अलावा अदालत ने यह मुद्दा वृहद पीठ के पास तय करने के लिए भेजा है कि क्या एक विवाहित व्यक्ति बिना विवाह विच्छेद के अविवाहित व्यक्ति के साथ रह रहा है या/और क्या दो अलग-अलग विवाह वाले दो विवाहित व्यक्ति बिना विवाह विच्छेद के लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहे हैं। क्या विवाह विच्छेद के मामले में न्यायालय से संरक्षण आदेश प्राप्त करने के हकदार हैं। जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह आदेश लिव इन में रहने वाले जोड़ों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि हमारे देश में लिव इन को सामाजिक मान्यता नहीं है। लेकिन कानून की नजर में यह अवैध भी नहीं है। देश में लिव इन पर कानून नहीं होने से कोर्ट के अलग-अलग फैसलों के चलते बहुत से लोग भ्रमित हो जाते हैं।

रॉयल पत्रिका

संपादकीय...

# यमुना के पानी में जहर मिलाने की राजनीति

दिल्ली विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख नजदीक आते ही राजनीति में गर्माहट साफ दिखाई दे रही है। सभी पार्टियों के नेता एक दूसरे पर झूठे सच्चे आरोप लगाने में पीछे नहीं दिखाई दे रहे हैं। इसी तरह दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा और भाजपा की हरियाणा सरकार पर यमुना नदी में जहर मिलाने का आरोप लगा दिया। केजरीवाल एक पढ़े लिखे नेता है और दिल्लीवासियों के लिए मसीहा माने जाते हैं। केजरीवाल भाषा बदलकर आरोप लगाते हैं लेकिन आरोपी को साबित करने के लिए सबूत भी रखते हैं। यही कारण है कि भाजपा के नेता हमेशा से ही केजरीवाल को घेरने में नाकाम हो जाते हैं। जब केजरीवाल ने भाजपा की हरियाणा सरकार पर यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप लगाया और दिल्ली की जनता को सामूहिक जन संहार की बात की तो भाजपा नेता और पार्टी अचंभित रह गई। उन्होंने चुनाव आयोग को केजरीवाल की शिकायत कर दी। भाजपा की शिकायत पर चुनाव आयोग ने केजरीवाल से स्पष्टीकरण मांग लिया। दूसरी तरफ भाजपा ने केजरीवाल को घेरने और चुनाव में भाजपा को फायदा लेने की योजना बनाई। लेकिन केजरीवाल के तथ्यों के सामने चुनाव आयोग, भाजपा फ्रेंडली मीडिया केजरीवाल के आरोपों की काट नहीं ढूंढ पाया। केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड और उसके इंजीनियरों की रिपोर्ट चुनाव आयोग और मीडिया को सौंप दी और कहा कि हरियाणा सरकार गंदों नालों, कारखानों का पानी यमुना नदी में डाल रही है। इसमें अमोनिया और नाइट्रेट की मात्रा 7 पीपीएम से ज्यादा होती है और पानी पिया जाता है तो इस पानी को पीने वाले की जान भी जा सकती है। जब मीडिया ने मामले की पड़ताल की तो आरोप सही प्रतीत होने लगे। यही कारण है कि यमुना के पानी में जहर मिलाने और दिल्लीवासियों के नुकसान के आरोपों पर केजरीवाल साफ बच निकले और साथ में दिल्लीवासियों को एक बड़े खतरे की ओर आगाह कर दिया। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कौन जीतेगा इसका अंदाजा लगाना आसान नहीं है। कई विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली में केजरीवाल की पार्टी को हराना भाजपा के लिए आसान नहीं है, क्योंकि दिल्ली की जनता मुख्यमंत्री पद पर केजरीवाल को ही पसंद करती है जबकि प्रधानमंत्री पद पर नरेंद्र मोदी को पसंद करती है। दिल्ली की जनता दोनों हाथों में लड् रखती है यही कारण है कि दिल्ली की जनता को केंद्र और राज्य में अलग अलग पार्टियों की सरकार होने के बावजूद पूरा फायदा मिलता है। वैसे भाजपा इस बार आम आदमी पार्टी को हराने की पूरी कोशिश कर रही है। वैसे भाजपा नेताओं और पार्टी में क्षमता है, वह किसी को भी हरा सकते हैं। हरियाणा और महाराष्ट्र में भाजपा के पक्ष में माहौल और सर्वे नहीं थे फिर भी भाजपा ने बंपर जीत दर्ज की और सरकार बनाई। इसी तरह दिल्ली में भाजपा की सरकार बन जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।

# हम संविधान दिवस ही मनाते रहे, पार्क ही बनवाते रहे; उधर हिन्दू राष्ट्र का संविधान भी आ गया !!

**- डॉ. श्याम सुन्दर बैरवा**

जब से देश में भाजपा की सरकारें आने लगी हैं, तब से नित्य प्रति कोई न कोई विवादास्पद मुद्दा छाया ही रहता है जो कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध और आदिवासियों के लिए चिन्ताजनक होता है। कभी गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग उठाई जाती है, तो कभी गीता को राष्ट्रग्रन्थ घोषित करने की मांग होती है। कुछ राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू कर दी गई है तो कहीं भारी विरोध भी हो रहा है। यहाँ तक कि सामान्य जीवन से जुड़े पहलुओं पर भी टोका-टाकी होती है।

निश्चित रूप से ये सब हरकतें किसी न किसी प्रकार से आर एस एस और इससे जुड़े व्यक्तियों की ही होती है, जो अन्तोत्वगत्वा भाजपा से भी जुड़े रहते हैं। बाबरी मस्जिद पर राम मंदिर बना लेने के बाद अब यह बात आम हो गई है कि अन्य मस्जिदों के नीचे भी मन्दिर खोजे जा रहे हैं और कानूनी कार्रवाही हो रही है। आर एस एस प्रमुख मोहन भागवत भले ही कहते रहें कि हर मस्जिद के नीचे शिवालय नहीं ढूंढना चाहिए, लेकिन हकीकत यह है कि आर एस एस के अलावा अन्य हिन्दवादी संगठन भी हैं जो इनकी बात मान भी सकते हैं और नहीं भी।

वास्तविकता तो यह है कि मुस्लिमों के आक्रमणों से पहले सारे देश पर हिन्द राजाओं का ही कब्जा था और सारी धन-सम्पत्ति, जमीन-जायदाद इनकी ही थी। जिस प्रकार ताकत और छल-कपट के बल पर एक राजा दूसरे राजा के राज्य पर कब्जा कर लेता था, उसी प्रकार मुस्लिमों ने भी कब्जे किए। कुछ राजाओं के विरोध को छोड़ दिया जाये तो अधिकतर राजाओं ने न केवल उनका साथ दिया, बल्कि वैवाहिक सम्बन्ध भी स्थापित किए। इसी प्रकार कभी संविधान की उन धाराओं से छेड़छाड़ की जाती है, जो इन वर्गों के लिए कवच हैं। इसी के परिणामस्वरूप 2 अप्रैल 2018 और 21 अगस्त 2024 जैसे देशव्यापी प्रदर्शन हुए।

बरसों पूर्व से ही संविधान बदलने की बात हो रही है। भले ही सरकार रोज ही संविधान दिवस मनाए, कितने ही संविधान पार्क बनवा दे और प्रधानमंत्री मोदी जी रोज सुबह-शाम संविधान की किताब को शीश नवाएं, लेकिन हकीकत में संविधान के खिलाफ जो दुष्प्रचार हो रहा है, उस पर कोई कार्रवाही नहीं हो पा रही है। हर किसी ऐरे-गैरे आदमी को संविधान-निर्माता बताया जा रहा है और संविधान दिवस मनाने और संविधान पार्क बनवाने वाली सरकारें मौन हैं। गत वर्ष 26 जनवरी 2024 के राजस्थान पत्रिका अखबार के पृष्ठ संख्या 16 पर "इसी दाऊदसर हाउस में तैयार हुआ संविधान का प्रारूप, उस दौर के साक्ष्य आज भी मौजूद" लेख किसी विमल छंगाणी ने लिखा था। आश्चर्य है कि प्रदेश और देश के एक बड़े अखबार ने यह लेख बिना किसी जाँच-पड़ताल के कैसे छाप दिया? या यह सब कोई मिली भगत थी कि इस लेख के जरिए बाबा साहेब का नाम धूमिल करना है? इसके अलावा इसी दिन के इसी अखबार में संविधान को लेकर कुल चार लेख छपे, लेकिन केवल एक लेख में बाबा साहेब का नाम था, वो भी 'यूं तो डॉ. भीमराव आम्बेडकर को संविधान निर्माता माना जाता है करके, बाकी में उनका नाम तक नहीं था। ये सब करतूतें बाबा साहेब का नाम धूमिल करने और उनसे संविधान निर्माता होने के श्रेय को छीनने की साजिशें हैं।

हाल ही में कुम्भ के मेले से आने वाली खबरें बेहद चिन्ताजनक है। अमर उजाला और दैनिक भास्कर में छपी ये खबरें इशारा कर रही हैं कि जल्दी ही देश का संविधान बदलने वाला है।

अमर उजाला में छपने वाली खबरों के शीर्षक हैं, "सन्तों ने बनाया हिन्द राष्ट्र का प्रारूप" और "वसंत पंचमी को आएगा हिन्द राष्ट्र का संविधान" वहीं दैनिक भास्कर ने छापा है "27 को धर्मसंसदः सनातन बोर्ड के गठन व धर्माचार्यों के लिए संसद में 50 सीटें आरक्षित करने का प्रस्ताव संभव" ।

इन खबरों का सारांश यही है कि सन्तों ने अखण्ड हिन्द राष्ट्र का पहला प्रारूप तैयार कर लिया है जिसे वसन्त पंचमी (3 फरवरी 2025) को देश की जनता के सामने रखा जायेगा। 501 पन्नों के इस प्रारुप के आधार रामराज्य, कृष्णराज्य, मनुस्मृति और चाणक्य का अर्थशास्त्र हैं। यह हिन्द राष्ट्र संविधान निर्माण समिति ने बनाया है।

यह केन्द्र सरकार को भेजा जायेगा। युद्ध पर राष्ट्राध्यक्ष नेतृत्व करेंगे और हिन्द न्याय व्यवस्था लागू होगी। कर्म आधारित व्यवस्था को विधिक रूप दिया जायेगा। भास्कर में छपी खबर के मुताबिक श्री कृष्णजन्मभूमि मंदिर से अतिक्रमण हटाकर भव्य मंदिर बनाने, सनातनी धर्माचार्यों के लिए संसद में 50 सीटें आरक्षित करने और इनके धार्मिक अधिकारों की रक्षा करने जैसे विषयों पर चर्चा होगी। साथ ही ईश निन्दा कानून पर विचार भी शामिल है।

उक्त सारी बातें एक लोकतन्त्रिक देश के लिए लज्जाजनक और गरिमा कम करने वाली होने के साथ-साथ उस पुराने युग की याद दिलाती है जब ब्राह्मण ही सर्वेसर्वा होते थे। देश में एक संविधान के रहते हुए इस तरह संविधान बनाया जाना और सरकारों का मौन रहना चिन्ताजनक है। अगर संविधान बदलने की बात झूठी है तो सरकार को इसका उचित माध्यमों से खण्डन करना चाहिए और इस प्रकार की हरकतें करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाही करनी चाहिए, ताकि जनता आश्वस्त हो सके और सरकार का इकबाल भी बना रहे। सरकार का इस विषय पर मौन रहना उक्त समुदायों की चिन्ता बढ़ाता है।

ये सब खबरें जो संकेत दे रही हैं वह यही है कि देश में लोकतन्त्र खात्में के कगार पर है और हिन्द राज्य की स्थापना होने वाली है जिसमें ब्राह्मण ही सर्वेसवा होंगे और अन्य जातियों को उनके कहे अनुसार चलना ही होगा। ब्राह्मणों को क्या-क्या विशेषाधिकार दिए गये हैं, यह मनुस्मृति, श्रीरामचरितमानस और अन्य धार्मिक ग्रन्थों में भली-भाँति वर्णित है। अतः हिन्द राज होने का अर्थ ब्राह्मण राज होना ही है। मनुस्मृति के अनुसार ब्राह्मण को कभी मृत्युदण्ड नहीं दिया जा सकता है, चाहे उसने हत्या ही क्यों न की हो। विशेषाधिकार का यह एक छोटा सा उदाहरण है। हिन्दओं की कानूनी पुस्तक मनुस्मृति में ब्राह्मणों के लिए इस प्रकार के सैंकड़ों विशेषाधिकार हैं।

जैसा अखबारों में छपा है, यदि वह अमल होता है तो वह न केवल इस देश की लोकतान्त्रिक और साम्प्रदायिक सद्भाव वाली छवि के लिए कलंक होगा, बल्कि गृहयुद्ध के आसार भी हो सकते हैं। इस देश के हितैषियों का यह दायित्व बनता है कि इस प्रकार की किसी भी योजना को सिरे से खारिज कर दें और पुरजोर विरोध करें। देश में जब तक बाबा साहेब का बनाया वर्तमान संविधान है, तब तक ही हमारा अस्तित्व है।

, हिन्द राष्ट्र (ब्राह्मण-राष्ट्र) में हर प्रकार से केवल और केवल ब्राह्मण (भूदेव-धरती के मालिक) को ही विशेषाधिकार होंगे और अन्य व्यक्ति उनकी दया पर निर्भर होंगे।

अन्त में, बाबा साहेब के संविधान सभा में दिए गए अन्तिम भाषण के कुछ अंशों का यहाँ उल्लेख करना उचित होगा- "संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, वो अन्ततः बुरा साबित होगा, अगर उसे इस्तेमाल में लाने वाले लोग बुरे हों, और संविधान कितना भी बुरा क्यों न हो, वो अन्ततः अच्छा साबित होगा, अगर उसे इस्तेमाल में लाने वाले लोग अच्छे होंगे..... मैं कह सकता हूँ कि अगर कभी कुछ गलत हुआ तो इसका कारण यह नहीं होगा कि हमारा संविधान खराब था, बल्कि इसका कारण यह होगा कि इसका उपयोग करने वाला मनुष्य अधम था।"

बाबा साहेब के संविधान सभा में दिए गए उक्त भाषण को ध्यान से देखें तो पता चल जायेगा कि संविधान को बदलने की आवश्यकता क्यों महसूस हो रही है ?

# रमजान से पहले गज़ा पट्टी में बनेंगी 100 मस्जिदें



इंडोनेशियाई मस्जिद काउंसिल ने गाजा पट्टी में 100 मस्जिदें बनाने की घोषणा की है। इंडोनेशिया के पूर्व उपराष्ट्रपति मुहम्मद जुसुफ कल्ला ने कहा कि ये योजनाएं गाजा के लोगों की तत्काल जरूरतों को देखते हुए तैयार की गई हैं। पिछले सवा साल तक हमास-इजरायल के युद्ध में इजरायली सेना के हमलों से तबाह हुए गाजा पट्टी में अब धीरे-धीरे लोग अपने आशियाने की ओर लौटने लगे हैं लेकिन वहां बुनियादी जरूरतों का घोर अभाव है। इजरायल ने हवाई और जमीनी हमलों और हमास की खुफिया सुरंगों को खोदने की सनक में पूरे गाजा पट्टी को वीरान कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि यहूदी हमलों में वहां करीब 1000 मस्जिदों को तबाह कर दिया गया है। इसे देखते हुए दुनिया के सबसे बड़े इस्लामिक देश इंडोनेशिया ने फिलिस्तीन के कब्जे वाली गाजा पट्टी में 100 मस्जिदें बनाने का ऐलान किया है। मिडिल ईस्ट मॉनिटर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इंडोनेशियाई मस्जिद काउंसिल ने गाजा पट्टी में 100 मस्जिदें बनाने की घोषणा की है। इंडोनेशिया के पूर्व उपराष्ट्रपति मुहम्मद जुसुफ कल्ला ने कहा कि ये योजनाएं गाजा के लोगों की तत्काल जरूरतों को देखते हुए तैयार की गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि रमजान के पवित्र महीने के नजदीक आने के साथ ही इंडोनेशिया ने यह कदम उठाया है। अगले महीने 28 फरवरी या 1 मार्च से रमजान का पवित्र महीना शुरू होने जा रहा है, जो 29 मार्च तक चलेगा। इंडोनेशियाई मस्जिद प्रबंधन परिषद के वर्तमान अध्यक्ष कल्ला ने बताया कि पहले चरण में 10 अर्ध-स्थायी मस्जिदों का निर्माण करेगी, जिसे बाद में बढ़ाकर 100 कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहूदियों ने डेढ़ साल के हमले में गाजा में 1,000 से अधिक मस्जिदें नष्ट कर दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इंडोनेशिया के मुसलमान गाजा में मस्जिदों के निर्माण में दिल खोलकर सहयोग करेंगे। कल्ला ने कहा कि उन्होंने गाजा में संबंधित अधिकारियों के साथ भी इस मुद्दे पर संपर्क किया है कि कैसे मस्जिद निर्माण प्रक्रिया को लागू किया जाए। बता दें कि गाजा पट्टी में युद्ध विराम 19 जनवरी को लागू हुआ है। युद्ध विराम का पहला चरण 42 दिनों तक चलेगा, जिसके दौरान मिस्र, कतर और अमेरिका की मध्यस्थता में दूसरे और फिर तीसरे चरण की बातचीत शुरू होगी।

# अबू अब्दुल्लाह इब्न माजा...




इल्म ए हदीस के अग्रणी इमामों में से एक इब्न माजा अबू अब्दुल्ला मुहम्मद इब्न यजीद इब्न माजा अल-रबी अल-कज़विनी हदीस के उत्कृष्ट विद्वान हैं। वे हमें अपने पूर्वज सलमान अल-फारिसी (आर. ए) की याद दिलाते हैं।

अबू अब्दुल्लाह इब्न माजा का जन्म 209 हिजरी में कज़्विन (कज़्विन, ईरान) में हुआ था। इनके बचपन की ज़्यादा जानकारी नहीं मिलती है। इब्न माजाह का जन्म अल-मामून की खिलाफत के दौरान हुआ, जिसके शासन में इस्लामिक ज्ञान की सभी शाखाओं में समृद्धि बढ़ रही थी। उन्होंने कुरान को कंठस्थ कर लिया था और कम उम्र में ही फ़िक़्ह, हदीस, तफ़सीर आदि जैसे धार्मिक विज्ञानों की खोज शुरू कर दी। उन्होंने हदीस की खोज के लिए अपनी पहली यात्रा 22 साल की उम्र में की थी। इमाम इब्न माजा ने बहुत सी जगहों की यात्रा की और अपने समय के हदीस के विद्वानों से शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने खुरासान, बसरा, कुफा, बगदाद, दमिश्क, मक्का , मदीना , मिस्र और अन्य स्थानों की यात्राएं की।

**इमाम माजा रअ ने जिन उस्तादों से इल्म दीन हासिल किया उनमें से कुछ खास ये थे :-**

1- मुहम्मद अस-सफ़्फ़ार
2- इसहाक इब्न मुहम्मद
3- सुलेमान अल-काज़्विनी
4- इब्न सिबावेह
5- अली इब्न इब्राहीम अल-कत्तान
6- अली इब्न सईद अल-गद्दानी
7- इब्राहिम इब्न दीनार अल-जर्शी
8- अली इब्न इब्राहिम इब्न सलामा
9- जाफर इब्न इदरीस

पंद्रह साल से ज़्यादा समय तक की कठिन यात्राओं के बाद इब्ने माजा अपने वतन वापस लौटे जहाँ वे ज्ञान के संकलन और प्रसार के लिए समर्पित थे। वे अपने वतन में ही रहकर अपने छात्रों को हदीस पढ़ाते और सुनाते थे। उनके पास अक्सर बड़ी संख्या में छात्र आते थे जो हर जगह से उनसे सीखने और हदीस सुनाने आते थे।

**उनके छात्रों में ये थे:**

1- मुहम्मद अस-सफ़्फ़ार
2- इसहाक इब्न मुहम्मद
3- सुलेमान अल-काज़्विनी
4- इब्न सिबावेह
5- अली इब्न इब्राहीम अल-कत्तान
6- अली इब्न सईद अल-गद्दानी
7- इब्राहिम इब्न दीनार अल-जर्शी
8- अली इब्न इब्राहिम इब्न सलामा
9- जाफर इब्न इदरीस

**इब्न माजा की रचनाएँ:**

इमाम इब्ने माजा ने कई किताबें लिखीं, जिनमें हदीस की उनकी प्रसिद्ध किताब 'अस-सुनन' भी शामिल है। इस किताब को हदीस के विद्वानों से उनके विशेष दृष्टिकोण और इस तथ्य के लिए बहुत प्रशंसा मिली कि इसमें प्रामाणिक हदीसें शामिल थीं जो सुन्नन की अन्य पुस्तकों या अल-बुखारी और मुस्लिम की सहिह में नहीं मिलती हैं । उन्होंने तफ़सीर में एक बेहतरीन किताब भी संकलित की, जैसा कि उल्लेख किया गया है, अल-बिदयाह वा अन-निहाया में, लेकिन दुर्भाग्य से यह खो गई। उन्होंने इतिहास की एक किताब भी लिखी जिसमें पैगंबर (SAW) के युग से लेकर उनके समय तक का वर्णन है। यह किताब उनके निधन के बाद भी लंबे समय तक बनी रही, लेकिन यह भी खो गई।

सुन्नन इब्न माजा इस्लामी साहित्य में हदीस की 6 प्रमुख पुस्तकों में से एक है। सुन्नन को कई विद्वानों से प्रशंसा मिली है। इसमें 37 पुस्तकें, 1560 अध्याय और 4341 हदीसें हैं , जिनमें 1339 हदीसें शामिल हैं, जिन्हें सुन्न इब्न माजा की ज़वायद के रूप में जाना जाता है, जो अन्य प्रमुख हदीस पुस्तकों में उपलब्ध नहीं हैं। सुन्नन को फ़िक़्ह मुद्दों के अनुसार व्यवस्थित किया गया है, लेकिन इसमें अक़ीदा, सपनों की व्याख्या, क्लेश आदि जैसे अन्य विषय भी शामिल हैं। अध्यायों को अच्छी तरह से व्यवस्थित किया गया है, जिससे हदीसों की पुनरावृत्ति से बचा जा सके। इसमें लगभग 3000 हदीसें हैं जो हदीस की अन्य 5 प्रमुख पुस्तकों में उपलब्ध हैं, लेकिन अलग-अलग कथावाचकों की श्रृंखलाओं द्वारा सुनाई गई हैं। कथावाचकों की श्रृंखला की बहुलता इन हदीसों को मजबूत बनाती है। यह विशिष्ट कारक सुन्न इब्न माजा के साथ अद्वितीय है।

इमाम इब्न माजा का निधन बुधवार, 22 रमज़ान, 273 एएच (19 फ़रवरी, 887 ई.) को कज़्विन में हुआ। उनके भाई अबू बकर ने उनकी जनाज़े की नमाज़ पढ़ाई। बताया जाता है कि भाई अबू अब्दुल्ला और उनके बेटे अब्दुल्ला इब्न मोहम्मद इब्न यज़ीद ने उनके शरीर को कब्र में रखा। उन्हें कज़्विन में दफ़नाया गया।

**संकलन कर्ता :- फ़ज़लुर्रहमान**
**सेवा निवृत्त सहायक सचिव**
**मोबाईल नं 9828668877**

# सूफीवाद और दरगाह: भारत की समकालीन विरासत का प्रतीक



सूफीवाद, इस्लाम के भीतर एक रहस्यमय परंपरा, ने ऐतिहासिक रूप से सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने और भारत में एक समकालिक संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रेम, सहिष्णुता और अस्तित्व की एकता के सिद्धांतों में निहित, सूफीवाद धार्मिक और सांस्कृतिक सीमाओं को पार करता है, ईश्वर के साथ एक व्यक्तिगत संबंध पर जोर देता है। सूफीवाद की एकीकृत शक्ति के सबसे प्रसिद्ध उदाहरणों में से एक निजामुद्दीन औलिया की विरासत और नई दिल्ली में निजामुद्दीन दरगाह के निरंतर महत्व में निहित है। निज़ामुद्दीन औलिया, चिश्ती आदेश के एक प्रमुख 14 वीं शताब्दी के सूफी संत, ने सूफी शिक्षाओं के सार का प्रतीक बनाया। उन्होंने सार्वभौमिक भाईचारे और करुणा के आदर्शों का समर्थन किया, सभी धर्मों, जातियों और सामाजिक स्टैंडिंग के लोगों का स्वागत करते हुए उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं में भाग लिया। "वाहदत अल-वुजुद" (होने की एकता) के सिद्धांत पर अपने गहन जोर के माध्यम से, निज़ामुद्दीन औलिया ने इस विश्वास के लिए वकालत की कि ईश्वर सृष्टि के सभी में मौजूद है और सभी मार्ग एक ही दिव्य वास्तविकता की ओर ले जाते हैं। निज़ामुद्दीन दरगाह, संत का मकबरा, उनकी स्थायी विरासत के लिए एक वसीयतनामा के रूप में खड़ा है। यह केवल एक धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र भी है जो भक्तों और आगंतुकों को जीवन के सभी क्षेत्रों से आकर्षित करता है, भले ही उनके धार्मिक जुड़ावों के बावजूद। दरगाह भारत की समकालिक विरासत का प्रतीक बन गया है, जहां मुसलमान, हिंदू, सिख और अन्य लोग आशीर्वाद लेने के लिए इकट्ठा होते हैं, कव्वाली प्रदर्शन में भाग लेते हैं, और संत की वार्षिक उर्स (पुण्यतिथि) मनाते हैं। ये सभाएँ निज़ामुद्दीन औलिया द्वारा समावेशी भावना के एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में काम करती हैं। संगीत और कविता सूफी परंपरा के लिए केंद्रीय रहे हैं, और निज़ामुद्दीन औलिया के शिष्य, अमीर ख़ुसरो ने इन कला रूपों को भारतीय संस्कृति में एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कव्वाली और अन्य शास्त्रीय रूपों के विकास सहित संगीत में खुसरो के योगदान ने समुदायों के बीच सांस्कृतिक विभाजन को प्रभावित किया। स्थानीय भाषाओं और संगीत शैलियों के उनके उपयोग ने सूफी शिक्षाओं को व्यापक दर्शकों के लिए सुलभ बना दिया, एक साझा सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा दिया जो धार्मिक विभाजन को पार कर गया। सांप्रदायिक सद्भाव में इसके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, कुछ प्रेरित व्यक्तियों की घृणा की रणनीति के कारण दरगाहों की विरासत चुनौतियों का सामना करती है। नफरत करने वालों और उनके विभाजनकारी आख्यानों के उदय ने सूफी खानकाहों की समकालिक परंपरा को कमजोर करने का प्रयास किया है। इस तरह की कार्रवाइयां न केवल सूफी संतों की विरासत को धूमिल करती हैं, बल्कि भारत के सांस्कृतिक ताने-बाने को भी नष्ट कर देती हैं, जो विविधता और सह-अस्तित्व पर आधारित है। इन विभाजनकारी ताकतों का मुकाबला करने के लिए सूफीवाद की शिक्षाओं और भारत की विरासत में इसके योगदान के उत्सव पर नए सिरे से जोर देने की आवश्यकता है। सूफीवाद के समृद्ध इतिहास के लिए समर्पित सेमिनार, सम्मेलनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन इसके मूल्यों को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। निज़ामुद्दीन औलिया जैसे संतों के जीवन और शिक्षाओं को उजागर करने वाली शैक्षिक पहल सांप्रदायिक सद्भाव के महत्व की गहरी समझ को बढ़ावा दे सकती है। निज़ामुद्दीन औलिया द्वारा निर्धारित उदाहरण और निज़ामुद्दीन दरगाह का स्थायी महत्व विभिन्न समुदायों को एकजुट करने में सूफीवाद की परिवर्तनकारी शक्ति को रेखांकित करता है। प्यार, सहिष्णुता और सभी प्राणियों की एकता पर जोर देकर, सूफीवाद विभाजन और कलह की समकालीन चुनौतियों को संबोधित करने के लिए एक खाका प्रदान करता है। इस विरासत का जश्न मनाना और संरक्षित करना एक ऐसे समाज को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है जो समावेशिता और आपसी सम्मान को महत्व देता है, यह सुनिश्चित करता है कि सूफीवाद की भावना आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती है।

**सूचना**

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

मुस्लिम रिश्ते

रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -
मोबाइल: 9772552446, 9799559096

सैयद मुस्लिम युवती 23/5.5"/ बी ए/खूबसूरत, गृह कार्य में दक्ष व दीनी तालीम याफ़्ता सवाई माधोपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु खूबसूरत, दीनदार, नौकरीपेशा/बिजनेसमैन प्रतिष्ठित फैमिली के युवक की आवश्यकता है। संपर्क करें - +91 96369 22143

29 Years Old MBBA Doctor, Working in Dehli , Kota Based Family,Needs MBBS Girls. Contact - 9829068455

Kota Based, 31/5.3/B.tech, PG Diploma in Banking, MBA in Finance, BSTC, Experience 3 years in ICICI Bank [Special Officar], Sunni Muslim Rangrez Girl. Father - Princeipal, Mother- House Wife, One Younger brothers. Required Educated, Honest life Partner Contact – 9829068455

Baran Based 27/5.4/B.Tech., M.Tech. Girls, Working as a Civil Enginear With a Private Firm At Gurgaon. Father Bussiness Man, Mother House Wife, Elder Brother is Govt Doctor, Well Settled Family, Required Well honest Settled, Honest Life partner. Contact – 9829068455

31/5.8/ B.Tech Mechanical, Own Business, Jaipur Based Boys, Father- Retd. Manager Hotal Gangaur, Jaipur {RTDC}, Mother House Woman Well Settled Family Required Educat, Religious Girls.Requird Contact - 9829068455

26/6.2/B.tech.mechanical(honours),working in private company.jodhpur based reputed family.Required educated, religious girls. Contact ph.91 8005598829

26/5.2"/B. Com; LLB; M.Com/ Sales Cordinator in finance company.reputed jodhpur based Syed family girl. need suitable educated,- settled, religious boy.contact ph.8426056205

Sunni Muslim Girl 32/5.3"/B. Tech in Electronics & Communications/Working in Semi Govt. Deptt./Deeni Taleem yafta/Homely girl. Father retd. from Indian Railway. Well educated and reputed family of Jaipur. Need religious, well educated and settled boy from well reputed family. Contact: 9828453954

• सुन्नी मुस्लिम युवक 45/5.7"/ पोस्ट ग्रेजुएट/होम गार्ड में कार्यरत तलाकशुदा जयपुर निवासी हेतु दीनदार, पढ़ी-लिखी, घर के काम में दक्ष युवती चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य। संपर्क करें 8306725799

• Beautiful Muslim Sunni Pathan (Yusufzai) girls 22/5.3"/Convent Educated & currently pursuing B.H.M.S./ & other 20/5.5"/Convent Educated & currently pursuing B.A. in Phycology & English Lit./Father retired from Pvt. Company and at present doing E-Mitra work. Both girls are Hijabi, 5 times Namazi, fully religious homely girls from well educated and reputed Shahjahanpur (U. P.) based family currently living in Ajmer. Needs suitable, well educated and settled boys from Muslim Sayed/Pathan caste families.
Contact:
Mobile- 98287 34281

• खूबसूरत अंसारी लड़कियां 32/5.4"/B.Tech; इंजीनियर/ ट्रांसफार्मर कंपनी में सीनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत व 29/5.6"/M. Com; MBA/ जयपुर सेज में सीनियर एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत। दोनों दीनी तालीम याफ्ता, जयपुर की पढ़ी-लिखी रेप्यूटेड फैमिली हेतु पढ़े-लिखे, बिजनेसमेन/सरकारी ऑफिसर अच्छी रेप्यूटेड फैमिली के लड़के चाहिए।
संपर्क: 9828048966/ 9166117743

• Beautiful Muslim girl 32/5.5"/MJMC/PGDCA/ presently working as a Bank Officer/Father retired Govt. Officer, reputed family of Sawai Madhopur. Needs religious well settled, Govt Officer/ Businessman from reputed family. Early Marriage.
Interested please Contact: Mobile-8302114075/8209325917

• 47/6.1"/सिविल इंजीनियर/ तलाकशुदा/ वार्षिक आय 3.5 लाख/ मुस्लिम पठान, जयपुर निवासी आदमी के लिए दीनदार, घरेलू, पढ़ी-लिखी जीवन साथी चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य। संपर्क:
मोबाइल- 8209336198

28/5.8"/बीएससी; बी. टेक/व्यवसाय टीचिंग/टोंक निवासी प्रतिष्ठित फैमिली के मुस्लिम युवक हेतु सुंदर, पढ़ी-लिखी, दीनदार, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की चाहिए।
संपर्क: मोबाइल- 8769654230

.जयपुर निवासी 25 वर्षीय/बी.ए./ तलाकशुदा (3 वर्ष की बच्ची है)/दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की हेतु दीनदार, नमाज़ी, नौकरीपेशा/बिजनेसमैन राजस्थानी लड़का चाहिए। इच्छुक सम्पर्क करें- मोबाइल: 98294 43086/97725 52446.

•जयपुर निवासी 25/5'.4"/ M.Sc. B.ed/ पठान लड़की/ गवर्नमेंट में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हेतु पढ़े-लिखे गवर्मेंट ऑफिसर/नौकरीपेशा/ बिजनेस मैन लड़का जो शेख/सैयद/ पठान खानदान से ताल्लुक रखता हो। संपर्क करें - मोबाइल नंबर: 7223023871

•हनफी अंसारी सुन्नी मुस्लिम डॉक्टर 28/5.5"/BHMS/खुद की क्लिनिक/जयपुर निवासी हेतु ग्रेजुएट, दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष लड़की चाहिए। सम्पर्क: 7976464322/9772552446

.35/5.2"/B.Sc./Fair colour/ Deeni Taleem yafta Divorced Sunni Muslim girl from educated, reputed family of Jaipur. Presently doing tution job at home. Need educated, settled religious groom. Early Marriage. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9352666093/9772552446

.Sunni Muslim girl 37/5.6"/M.A; MBA/Divorced (No issue)/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious suitable man from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9314720003/9772552446

• Beautiful Pathan girl 34/M. Tech (Computer Science), Sr. Database Administrator and Software Developer, Finance Department of Secretariat Government of Rajasthan (Pvt basis). Father retired Govt. Officer, well educated and reputed family of Tonk. Needs well educated, settled and religious boy from Jaipur based family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096

• Hanafi Sunni Muslim beautiful girl 25/5.5". Education Qualification: Masters in Litrature and PG Diploma in Digital Marketing. Father Govt officer. Well educated and reputed family of Bhilwara. Need well educated, religious, settled boy from reputed family. Contact Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

. 23/5.4"/एम. कॉम; आई टी आई (ड्रेस मेकिंग) व RSCIT कोर्स, दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत जयपुर निवासी अंसारी लड़की। वालिद कॉन्ट्रेक्टर- फेब्रिकेशन वर्क हेतु दीनी, पढ़ा- लिखा खूबसूरत नौकरीपेशा/ बिजनेसमैन अच्छे परिवार का लड़का। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल नं. 9772552446/9799559096

• Sunni Muslim girl 32/5.8"/M.A; LLB, Perusing LLM/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious boy from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim girl 31/B. Tech/Beautiful, Deeni Taleem Yafta. Father retired Govt. Officer. Needs well educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

खूबसूरत अंसारी लड़की 27/5.5"/ पोस्ट ग्रेजुएट/तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, सरकारी जॉब की तैयारी, पढ़ी-लिखी जयपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य पढ़े-लिखे अच्छे फैमिली का लड़का। इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल: 9887910863/9772552446

• Sunni Ansari Muslim Jaipur based divorced girl 37/M.A; B.ed/Deeni Taleem Yafta. Need suitable educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446 /9799559096

• 29/5.3" पोस्ट ग्रेजुएट व 26/5.3" ग्रेजुएट दीनी तालीम आफता व नमाजी रेप्यूटेड फैमिली जयपुर निवासी, दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम (सैयद) युवकों के लिए खूबसूरत दीनी तालीम के साथ-साथ ग्रेजुएट व घर के काम मे दक्ष लड़कियां | बायोडाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय,जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

# रिश्ते के लिए विज्ञापन दें

रॉयल पत्रिका साप्ताहिक न्यूज पेपर में पेज नं. 5 पर तीन-चार महीने पहले मुस्लिम रिश्ते नाम से एक कॉलम शुरू किया गया, जिसका अच्छा रिजल्ट सामने आया है। रॉयल पत्रिका में मुस्लिम रिश्ते के लिए विज्ञापन देने वाले दर्जनों युवक-युवतियों की शादी हो गई है या शादी तय हो गई है। रॉयल पत्रिका राजस्थान के मुसलमानों में पढ़ा जाने वाला एक बड़ा न्यूज पेपर है। जिसका फायदा मुस्लिम रिश्ता चाहने वालों को मिल रहा है। मुस्लिम समाज के ऐसे लोगों से गुज़ारिश है जो अपने बेटे- बेटियों के रिश्तों के लिए न्यूज पेपर में विज्ञापन देना नहीं चाहते हैं, लेकिन अख़बार में छपे रिश्ते का रिश्ता ज़रूर चाहते हैं। ऐसे लोगों को चाहिए कि वे स्वयं भी न्यूज पेपर में रिश्तों का विज्ञापन दें और फायदा उठावें और यह नहीं सोचें कि विज्ञापन देने से उनकी बदनामी हो जाएगी। जिन्होंने रॉयल पत्रिका में रिश्तों के लिए विज्ञापन दिए, उनके रिश्ते तय हुए। जो सोचते रहे वे रिश्तों से वंचित रहे हैं। इसलिए बे हिचक मुस्लिम रिश्तों के लिए रॉयल पत्रिका में विज्ञापन देना चाहिए।

## आवश्यकता

• रॉयल पत्रिका को हॉकर्स (अखबार बांटने के लिए) की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय आकर शीघ्र संपर्क करें- रॉयल पत्रिका, मस्जिद शेखान के सामने, घोड़ा निकास रोड, रामगंज बाज़ार, जयपुर - 302002
मो. न. : 9772552446

• जयपुर से प्रकाशित होने वाले "रॉयल पत्रिका" को अपने दैनिक समाचार पत्र व "रॉयल पत्रिका" डिजिटल के लिए रिपोर्टर, स्क्रिप्ट राईटर, डी टी पी ऑपरेटर और हॉकर्स (अखबार बांटने वाले) की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। इच्छुक व्यक्ति अपना बायो डाटा निम्न व्हाट्सएप न. पर भेजे-
मो. न. – 9772552446

## "7 Habits of Highly Effective People"

**डॉ. मीनाक्षी सेठी जैदी**

(स्टीफन आर. कोवी) का सारांश

1. प्रोएक्टिव बनें (Be Proactive)
प्रभावशाली लोग परिस्थितियों के प्रति प्रतिक्रिया देने के बजाय सक्रिय रहते हैं। वे अपनी जिम्मेदारियों को पहचानते हैं और अपने निर्णयों का चयन खुद करते हैं।

2. अंत को ध्यान में रखते हुए शुरुआत करें (Begin with the End in Mind)
अपनी ज़िंदगी के उद्देश्य और लक्ष्य स्पष्ट करें। हर कार्य को दीर्घकालिक दृष्टि से करें और इस बात पर ध्यान दें कि आप अपने जीवन को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं।

3. महत्वपूर्ण चीजों को प्राथमिकता दें (Put First Things First)
समय और ऊर्जा को प्राथमिकताओं के अनुसार प्रबंधित करें। पहले सबसे ज़रूरी कार्य करें और व्यर्थ के कार्यों से बचें।

4. सभी के लिए लाभकारी सोचें (Think Win-Win)
रिश्तों और कामकाज में ऐसा दृष्टिकोण अपनाएं जिससे दोनों पक्ष लाभान्वित हों। सहयोग और विश्वास पर आधारित संबंध बनाएं।

5. पहले समझने का प्रयास करें, फिर समझाएं (Seek First to Understand, Then to Be Understood)
दूसरों की बात ध्यान से सुनें और उनकी भावनाओं को समझने की कोशिश करें। इसके बाद अपनी बात समझाने का प्रयास करें।

6. सिनर्जी बनाएं (Synergize)
टीमवर्क और सहयोग के माध्यम से मिलकर काम करें। विभिन्न विचारों और ताकतों का उपयोग करके बेहतर परिणाम प्राप्त करें।

7. अपने आप को निखारें (Sharpen the Saw)
अपने शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास के लिए नियमित रूप से समय दें। यह आपको संतुलित और ऊर्जा से भरपूर बनाए रखेगा।

## एडीजे भर्ती 2020: हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार को अवमानना नोटिस



जयपुर। हाईकोर्ट ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश भर्ती-2020 में वकील कोटे के 85 पदों पर केवल चार अभ्यर्थियों का चयन होने के मामले में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार (परीक्षा) पीपी सिंह को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट प्रशासन की एसएलपी खारिज कर दी फिर भी प्रशासन ने उसकी पालना नहीं की। न्यायाधीश पंकज भंडारी व न्यायाधीश शुभा मेहता की खंडपीठ ने नरेन्द्र मोहन की अवमानना याचिका पर सुनवाई की। अवमानना याचिका में कहा कि हाईकोर्ट ने एडीजे भर्ती परीक्षा को लेकर 14 फरवरी, 2024 को परीक्षा सेल से योग्य विधिवेत्ताओं व प्रोफेसरों की कमेटी बनाने का निर्देश दिया। वहीं कमेटी से हर पेपर की बीस कॉपियों का रेंडमली मूल्यांकन कर अंक देने को कहा गया। कोर्ट ने एडीजे भर्ती 2020 के खाली पदों को अदालती कार्यवाही के अधीन रखने को कहा। इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की, जो खारिज होने के बावजूद प्रशासन ने पालना नहीं की।

## रेलवे आरआरबी ग्रुप डी के 32,438 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन शुरू

रेलवे भर्ती बोर्ड (RRB) ने RRB ग्रुप डी भर्ती 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन विंडो खोल दी है। इस भर्ती अभियान का उद्देश्य 7वें सीपीसी पे मैट्रिक्स के तहत 32,438 लेवल 1 पदों को भरना है। आवेदन प्रक्रिया 23 जनवरी, 2025 को शुरू हो चुकी है और 22 फरवरी, 2025 तक जारी रहेगी। आवेदन पत्र में सुधार 25 फरवरी से 6 मार्च, 2025 तक किया जा सकता है।इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट rrbapply.gov.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आरआरबी ग्रुप डी भर्ती 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन लिंक इस लेख में दिया गया है।

महत्वपूर्ण तिथियां

**आवेदन की शुरुआत:** 23 जनवरी 2025

**आवेदन की अंतिम तिथि:** 22 फरवरी 2025

**फीस भुगतान की अंतिम तिथि:** 24 फरवरी 2025

**आवेदन में सुधार की तिथि:** 25 फरवरी 2025 से 6 मार्च 2025

शैक्षिक योग्यता: उम्मीदवार ने मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं कक्षा पास की हो या ITI प्रमाणपत्र प्राप्त किया हो।

**आयु सीमा:** 1 जुलाई 2025 को उम्मीदवार की आयु 18 से 33 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी।

**चयन प्रक्रिया**

कंप्यूटर आधारित टेस्ट (CBT)
शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET)
दस्तावेज़ सत्यापन
चिकित्सा परीक्षण

**आवेदन कैसे करें?**

अपने संबंधित जोन की आधिकारिक RRB वेबसाइट पर जाएँ।
"ऑनलाइन आवेदन करें" लिंक पर क्लिक करें।

वेतनमान और अन्य लाभ

**वेतन:** ₹18,000 – ₹22,000 प्रति माह।

अन्य भत्ते: डीए, एचआरए, और अन्य रेलवे कर्मचारी लाभ।

## जामिया हमदर्द में आवासीय कोचिंग अकादमी में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित




नई दिल्ली। जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय ने आवासीय कोचिंग अकादमी में प्रवेश के लिए अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह अकादमी यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा प्री-कम मेन्स, 2025 और अन्य केंद्रीय और राज्य सेवाओं की तैयारी के लिए मुफ्त कोचिंग,24X7 लाइब्रेरी सुविधा, इंटरनेट, वाईफाई सुविधा और रहने की सुविधा प्रदान करती है। आवेदन पत्र 21 जनवरी 2025 से उपलब्ध हैं और आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी 2025 है। इच्छुक उम्मीदवार वेबसाइट (www.jamiahamdard.edu) पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। लिखित परीक्षा दिल्ली और कन्नूर,केरल में आयोजित की जाएगी। जबकि जीडी/पीआई जामिया हमदर्द,नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आवेदन संबंधी किसी भी जानकारी के लिए उम्मीदवार हेल्पलाइन नंबर 7701847245, 7503963911 पर संपर्क कर सकते हैं या ईमेल आईडी jhrca@jamiahamdard.ac.in पर संपर्क कर सकते हैं।

## यूजर एक्सपीरियंस डिजाइनिंग में जॉब्स के कई मौके



यूएक्स (यूजर एक्सपीरियंस) डिजाइनिंग तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की तेजी से बढ़ती संख्या के साथ, यूजर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने पर बड़े स्तर पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसके चलते यूएक्स डिजाइनिंग देश में सबसे अधिक मांग वाले प्रोफेशनों में से एक बन गया है। यूएक्स डिजाइन किसी प्रोडक्ट, वेबसाइट या ऐप के साथ यूजर के इंटरैक्शन को बेहतर और आसान बनाने का प्रोसेस है। इसमें रिसर्च, डिजाइनिंग और टेस्टिंग के जरिए यूजर की आवश्यकताओं को समझकर बेहतरीन अनुभव देने पर ध्यान दिया जाता है। इंडस्ट्री रिपोर्ट्स के अनुसार ग्लोबली यूएक्स डिजाइन क्षेत्र के 15-18% CAGR की दर से बढ़ने का अनुमान है। भारत में भी यह फील्ड तेजी से आगे बढ़ेगा और इसमें जॉब्स के कई अवसर आने की उम्मीद है।

**पढ़ाई के अवसर**

यूएक्स डिजाइनिंग में रुचि रखने वाले छात्रों के पास डिग्री प्रोग्राम्स, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स जैसे कई शैक्षिक विकल्प उपलब्ध हैं। भारत में उपलब्ध कुछ प्रमुख डिग्री पाठ्यक्रम ये हैं:

**ग्रेजुएशन:**

बी.डेस यूएक्स/यूआई डिजाइन
बी.एससी यूएक्स डिजाइन
बी.ए. इंटरैक्शन डिजाइन
बी.टेक यूएक्स डिजाइन
बीएफए (बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स) यूएक्स स्पेशलाइजेशन के साथ

**डिप्लोमा कोर्स:**

यूएक्स/यूआई डिजाइन में डिप्लोमा यूएक्स और इंटरैक्शन डिजाइन में एडवांस डिप्लोमा

## CUET PG 2025 की रजिस्ट्रेशन तिथि बढ़ी, अब 8 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन




राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) ने CUET PG 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब इच्छुक उम्मीदवार 8 फरवरी 2025 तक CUET PG के लिए आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 थी, लेकिन अब उम्मीदवारों को अतिरिक्त समय दिया गया है ताकि वे आराम से अपनी आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकें। कैंडिडेट्स 9 फरवरी तक इसकी फीस भर सकते हैं। इसके अलावा 10 फरवरी से 12 फरवरी के बीच इसकी करेक्शन विंडो खोली जाएगी। पहले रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट 1 फरवरी थी

700 रुपए प्रति टेस्ट फीस

CUET PG के लिए अप्लाई करने के लिए जनरल कैटेगरी के कैंडिडेट्स को दो टेस्ट पेपर के लिए ₹1400 फीस प्रति टेस्ट पेपर ₹700 फीस भरनी होगी। वहीं OBC और GenEWS कैंडिडेट्स के लिए दो टेस्ट की फीस ₹1200 और प्रति टेस्ट पेपर ₹600 फीस है। SC, ST और थर्ड जेंडर कैंडिडेट्स को दो टेस्ट के लिए ₹1100 और प्रति टेस्ट ₹600 फीस होगी। इसके अलावा PwBD कैंडिडेट्स की फीस दो टेस्ट के लिए ₹1000 और प्रति टेस्ट ₹600 होगी। CUET PG 2025 एग्जाम के लिए सिटी इंटिमेशन स्लिप मार्च के पहले हफ्ते में जारी की जाएगी। वहीं एडमिट कार्ड एग्जाम से 3-4 दिन पहले जारी होंगे।

CUET PG (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट पोस्टग्रेजुएट) 2025 का आयोजन मार्च 2025 में किया जाएगा। यह परीक्षा देशभर के विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थानों में पोस्टग्रेजुएट (PG) कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित की जाती है। NTA ने इस संबंध में आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी करते हुए उम्मीदवारों से आवेदन प्रक्रिया में कोई गलती न करने की अपील की है। आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी और उम्मीदवारों को CUET PG की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले परीक्षा के सिलेबस, पात्रता मानदंड और अन्य विवरणों को ध्यान से पढ़ें।

## राजस्थान में 13000 से अधिक पदों पर निकलीं सरकारी नौकरियां, फरवरी से शुरू होंगे आवेदन

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSMSSB) ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसाइटी (RMES) के तहत 13,398 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। यह भर्ती उन सभी उम्मीदवारों के लिए एक अच्छा मौका है जो स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने के इच्छुक हैं। इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन फरवरी 2025 से शुरू होंगे और आवेदन की आखिरी डेट मार्च 2025 है। इस भर्ती में नर्स, मेडिकल लैब टेक्नीशियन, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (CHO) और अन्य पद शामिल हैं। सभी उम्मीदवारों को इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

**योग्यता:**

उम्मीदवारों के पास संबंधित पदों के अनुसार मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जरूरी शैक्षणिक डिग्री होनी चाहिए, जैसे नर्सिंग डिग्री या डिप्लोमा, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी में डिग्री आदि। इसके साथ ही उम्मीदवारों के पास संबंधित क्षेत्र में काम का अनुभव भी होना चाहिए।

**आयु सीमा:**

इन पदों पर आवेदन के लिए उम्मीदवारों की उम्र सीमा 18 से 40 साल के बीच निर्धारित की गई है। हालांकि आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को उम्र सीमा में छूट भी दी जाएगी। अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), पिछड़ा वर्ग (OBC), अति पिछड़ा वर्ग (EWS) और दिव्यांग उम्मीदवारों को उम्र सीमा में 5 साल की छूट दी जाएगी, जबकि महिला उम्मीदवारों को 5 साल की छूट मिलेगी। उम्र की गणना 1 जनवरी 2025 से की जाएगी।

**आवेदन शुल्क:**

आवेदन शुल्क उम्मीदवार की कैटेगरी के आधार पर अलग-अलग है। सामान्य (UR), ओबीसी (NCL) और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 450 रुपये, जबकि एससी, एसटी और दिव्यांग (PwD) उम्मीदवारों के लिए 250 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं, पूर्व सैनिक (Ex-servicemen) उम्मीदवारों के लिए भी आवेदन शुल्क 250 रुपये है। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा।

**सेलेक्शन प्रोसेस:**

उम्मीदवारों का चयन दो चरणों में होगा। पहले चरण में उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा देनी होगी, इसमें सफल होने वाले अभ्यर्थियों का दूसरे चरण में इंटरव्यू लिया जाएगा। इन दोनों चरणों में परफॉर्मेंस के आधार पर ही उम्मीदवार का चयन किया जाएगा।

## महिलाओं के कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षकों की आवश्यकता

मदद फाउंडेशन, जयपुर में महिलाओं के कौशल प्रशिक्षण के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों की आवश्यकता है। यदि आप सिलाई, ब्यूटीशियन, कंप्यूटर, या होम साइंस में प्रशिक्षण देने में रुचि रखते हैं, तो हमें संपर्क करें।

**योग्यता:**

- बारहवीं पास
- सिलाई, ब्यूटीशियन, कंप्यूटर, या होम साइंस में न्यूनतम दो वर्ष पुराना मान्यता प्राप्त संस्था का सर्टिफ़िकेट

**वेतन:**

- सात हज़ार रुपये प्रति माह

**संपर्क:**

- 9694167860
- मदद फाउंडेशन, गोल्डन सैफायर, आदर्श नगर, जयपुर

## कौम खरादियान का अखिल राजस्थान द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ



पाली, (रॉयल पत्रिका)। कौम खरादियान मेडिकल एण्ड एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी, पाली द्वारा मुस्लिम कौम खरादियान का द्वितीय अखिल राजस्थान प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सचिव मो. आसिफ़ जॉय ने बताया कि इस समारोह में कौम खरादियान के 221 प्रतिभागियों को और भामाशाहों और मेहमानों को कौम खरादियान मेडिकल एण्ड एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी, पाली के सदर मुज़फ़्फ़र हुसैन क़ादरी के सानिध्य में सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य मेहमान मुफ़्ती खालिद अय्यूब मिस्बाही और डॉ. अख़लाक़ उस्मानी ने कौम को खिताब किया। मोअज़्ज़िज़ मेहमानों में सैय्यद साज़िद अली, मुस्लिम समाज सदर हक़ीम भाई, सलीम खान , ज़फ़र खान मारवाड़, डॉ. दिलशाद, शाहीन अंसारी, मेहबूब भाई टी, सुनील कुमार चरनाल, बलवीर सिंह राणावत, मुफ़्ती रईस अहमद मंजरी, मौलाना मुश्ताक़, सूफ़ी इक़बाल नूरी, प्रदेश अध्यक्ष इकबाल चिश्ती, प्रदेश सचिव अब्दुल मुबीन क़ादरी, मुज़म्मिल इस्लाम रिज़्वी, बसंत परिहार और कौम खरादियान के भामाशाह और मोअज़्ज़िज़ हज़रात मौजूद रहे। प्रोग्राम की अध्यक्षता कौम खरादियान के सदर हाजी रहीमबख़्श मास्टर ने की। इसको लेकर कोषाध्यक्ष मो. हाशमी ज़ियाई, अख़्तर हुसैन जैतारण, रियाज़ अहमद, अख्तर हुसैन मामू, मो. हसनेन, मो. दानिश, मो. आरिफ़ समदानी, हबीबुर्रहमान, ज़की ज़िलानी आदि का सहयोग रहा ।

## मरहूम फजलुर्रहमान की श्रद्धांजलि सभा में सोसायटी सदस्यों ने पेश की खिराज-ए-अकीदत



जोधपुर, (रॉयल पत्रिका)। मारवाड़ मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद आबिद कुरैशी की अध्यक्षता में कमला नेहरू नगर स्थित मुस्लिम स्कूल कैम्पस शरिआ सोसायटी मे रविवार को सोसायटी के सरपरस्त एवं वरिष्ठ सदस्य रहे मरहूम (स्वर्गीय) फजलुर्रहमान की याद में ताज़ियती नशिस्त (श्रद्धांजलि सभा) का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि मरहूम फजलुर्रहमान कौम के दर्दमंद व्यक्ति थे और हमेशा तालीम को आगे बढ़ाने के लिए फिक्रमंद रहते थे। सोसायटी महासचिव मोहम्मद अतीक ने कहा कि मरहूम फजलुर्रहमान सोसायटी के पुराने मजबूत सदस्यों में से थे। उनकी मौजूदगी में सोसायटी ने विकास की नींव रखी। सोसायटी कोषाध्यक्ष निसार अहमद खिलजी ने कहा कि मरहूम फजलुर्रहमान का इस जहां से जाना समाज के लिये एक क्षति है। सभा में मौजूद सोसायटी के कई सदस्यों ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर रोशन डाली और सोसायटी के हित में हमेशा सबको मिलजुलकर कार्य करने को कहा। सोसायटी से जुड़े बरकत खां नसरानी, अताउर्रहमान कुरैशी, शमसूद्दीन .चुंदड़ीगर, अब्दुल्लाह हारून मोदी, खालिद अहमद कुरैशी, सईद अहमद खिलजी, अब्दुल वहीद बैलिम, मोहम्मद युसूफ मंसूरी, शकील खिलजी, मोहम्मद साबिर, रेहान अंसारी, हाफिज आरिफ चुंदड़ीगर, मोहम्मद मोहसिन, नईम सिलावट, अकबर अंसारी, आसिफ खान सिंधी, यामिन अंसारी, डॉ. सय्यद मोईन उल हक, उम्माह वेलफेयर सोसायटी के अब्दुल रशीद अंसारी, अब्दुल रहीम सांखला, अतीक सिद्दीकी, जावेद हुसैन, फारूक अहमद इकरा, असलम मंसूरी, अब्दुल ज़रीफ, अब्दुल रहीम मोदी, सय्यद वसीम अख्तर सहित शहर के कई मौजिज लोगें ने शिरकत की। हाफिज आरिफ चुंदड़ीगर ने तिलावते कुरान व मगफिरत की दुआ कराईं। अंत में सभी ने खिराज-ए-अकीदत पेश की।

## जैन मंदिर की 13 वीं प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर हुआ ध्वजारोहण



बारां, (रॉयल पत्रिका)। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ द्वारा श्री चन्द्रप्रभ स्वामी मंदिर की 13वीं प्रतिष्ठा वर्षगांठ के अवसर पर 03 फरवरी को ध्वजारोहण उत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ समाज अध्यक्ष राजेन्द्र रंगावत एवं कोषाध्यक्ष गौत्तम बोरडिया ने बताया कि मंदिर की 13वीं ध्वजा प्रतिष्ठा वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य शिखर ध्वजा चढाने एवं स्वामी वात्सल्य के लाभार्थी प्रमोद जैन भाया पूर्व केबिनेट मंत्री, उर्मिला भाया जिला प्रमुख एवं अध्यक्ष गुणवर्धन शंखेष्वर पार्ष्वनाथ जैन श्वेताम्बर तीर्थ ट्रस्ट, यश जैन भाया अध्यक्ष श्री पार्ष्वनाथ मानव सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट एवं समस्त पारख-कोठारी परिवार सहित गौत्तम बोरडिया रहे। गौत्तम मारू, ललित श्रीमाल एवं राहुल मारू ने बताया कि विमलनाथ भगवान की द्वितीय ध्वजा के लाभार्थी पन्नालाल हंसा बोरडिया परिवारजन रहे तथा श्री चन्द्रप्रभू भगवान की तीसरी ध्वजा के लाभार्थी हेमन्त श्रीमाल, ऋषभ श्रीमाल, बुद्विप्रकाष, प्रवीण व सचिन मारू परिवारजन रहे। चन्द्रप्रभू महिला मण्डल अध्यक्ष उर्मिला जैन एवं सचिव विजया श्रीमाल ने बताया कि मंदिर में सुबह से ही मंदिर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें प्रातः 8 बजे स्नात्र पूजा, 9 बजे सत्तर भेदी पूजा, दोपहर 12.30 बजे ध्वजारोहण एवं उसके पश्चात समाज बंधुओं के लिए स्वामी वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया।

## सूफी अब्दुल हकीम साहब का उर्स संपन्न



सुल्तानपुर, (रॉयल पत्रिका)। सुल्तानपुर में सूफी अब्दुल हकीम साहब का उर्स 30 जनवरी 2025 को बहुत ही सादगी और अकीदत के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आसपास सहित दूर दराज से आए हजारो जायरीनों ने उर्स में शिरकत की। इस मुकद्दस मौके पर हाड़ौती संभाग के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे . जिनमे लोकतान्त्रिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राम रतन सामरिया लोकतान्त्रिक महा संघ के सम्भागीय अध्यक्ष प्रदेश प्रवक्ता एवं राजस्थान राज्य कर्मचारी माइनोरिटी एसोसियेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अब्दुल मन्नान खान पीरजादा, कोटा उत्तर के महापौर पवन मीणा, झालावाड मेडीकल कालेज से डॉ रईस खान, सागोंद कस्बे के पूर्व पालिका उपाध्यक्ष मिर्जा शकील, शायर शाकीर अली का सुफी जाहिद अहमद द्वारा इस्तकबाल किया गया। तमाम जायरीनो के खाने की उत्तम व्यवस्था के साथ पुलिस प्रशासन चाक चौबंद रहा। तमाम जायरीनो द्वारा देश के लिए अमन चैन के लिए दुआ मांगी गई।

## गिरादडा में एक लाख पौधरोपण, लगेंगे 11 लाख पेड़

**- विश्व मानचित्र पर उभरेगा पाली**

**- बडा ऑक्सीजन हब बनेगा**



पाली, (रॉयल पत्रिका)। सिकिक्म के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण फैला है और उससे जो हानियाँ हो रही है, जो हमने कोरोना में देखा और पर्यावरण प्रदूषण से दुष्प्रभाव फैल रहे है। उससे निजात के लिये सभी अपना प्रयास करते है लेकिन हम दूसरों के भरोसे ना रहकर इस बदलाव की शुरूआत हम सभी मिलकर करे और सभी ये निश्चय करें कि हम सब मिलकर एक पेड़ जरूर लगायेगें।

सिकिक्म के राज्यपाल माथुर रविवार को जिले के गिरादडा मोहनलाल सायरचन्द कवाड चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक लाख वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार प्रशासन तो प्रयास करते ही है लेकिन जब तक जनजागरूकता व जनसहभागिता जब प्रत्येक व्यक्ति के अन्दर से ना हो तो तब तक ये कार्य सफल नही हो सकता है। इसके लिये शुरूआत प्रत्येक व्यक्ति को करनी होगी। इस अवसर पर उन्होंने सिक्किम में पर्यावरण संरक्षण की योजनाओं के बारे में बताया और नीति में बनाकर कुछ ऐसा करने का आहा्न किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये राज्यसभा सांसद मदन राठौड ने भी समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया और कहा कि प्रदेश सरकार में भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी पौधारोपण के लिये वृक्षारोपण अभियान चलाया और करोडो पेड़ लगाये है। उन्होने कहा कि पौधारोपण से पर्यावरण को लाभ प्राप्त होता है और ये पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर कार्यक्रम को कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने भी सम्बोधित किया और पर्यावरण प्रकृति को सरंक्षित करने के लिये पेड़ लगाने पर जोर दिया साथ ही इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने सम्बोधित करते हुये कहा कि केन्द्र के साथ प्रदेश सरकार ने इसके लिये वृहद् अभियान चलाया है और प्रयास किया है कि पेड़ जिन्दा भी रहे उन्होंने कहा कि गिरादडा में जो पौधे कवाड ट्रस्ट द्वारा लगाये जा रहे है जो 7 लाख पौधे लगेगे उसका सरंक्षण पांच साल बाद सरकार सरंक्षण करेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व सांसद पाली पुष्प जैन ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया इस अवसर पर जिला प्रमुख रश्मि सिंह , पूर्व विधायक ज्ञानचन्द पारख ने भी सम्बोधित करते हुये पौधारोपण करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में इससे पहले आये हुये अतिथियों का स्वागत किया गया । इस अवसर पर कवाड चैरिटेबल ट्रस्ट के शांतिलाल कवाड व ट्रस्ट के अन्य सदस्यों ने पौधारोपण का परिचय दिया और कहा कि यहां आगामी दिनों में 7 से 11 लाख पौधे लगाये जायेंगे। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी आर के नैयर ने भी पौधारोपण के फायदे बताये। पर्यावरण को होगा लाभ आक्सी हब बनेगा लगेगे 11 लाख पेड़ तापमान मे लगभग 10 डिगी्र की गिरावट होगी। पाली विश्व के मानचित्र पर उभरेगा रिसर्च, पर्यावरण पर्यटन शिक्षा व रोजगार मं भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर राज्यपाल माथुर, कैबिनेट मंत्री कुमावत, राज्यमंत्री शर्मा, सांसद राठौड, जिला कलक्टर एलएन मंत्री ,पुलिस अधीक्षक चुनाराम व अन्य जनप्रतिनिधियो अधिकारियों ने पौधारोपण किया।, इस अवसर पर राज्यपाल माथुर व अन्य अतिथियों ने पाली पंचायत समिति प्रधान मोहिनी देवी व इस क्षेत्र में अच्छा कार्य करने के लिये विभिन्न लोगो को राज्यपाल ने सम्मानित किया।

**राज्यपाल माथुर को दिया गार्ड ऑफ आनर**

इससे पहले राज्यपाल को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर गार्ड ऑफ आनर दिया गया और जिला कलक्टर मंत्री और एसपी जाट ने अगवानी कर स्वागत किया।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में जिला कलक्टर एलएन मंत्री ,जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट , डीएफओ पी बाला मुरूगन , एडीएम भवानी सिंह , उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र राणावत , कवाड ट्रस्ट के पदाधिकारी , यूआईटी पूर्व अध्यक्ष संजय ओझा, सुनील भंडारी , नरेश ओझा, समेत अनेक जनप्रतिनिधिगण , अधिकारीगण ,गणमान्यजन , व आमजन मौजूद रहे।

## खैराबाद में सरपंच संघ की बैठक, जिला अध्यक्ष घनश्याम यादव की अध्यक्षता में संपन्न

**डॉ० तौहीद**



सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। खैराबाद मे सरपंच संघ की बैठक जिलाध्यक्ष घनश्याम यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमे सरपंच संघ प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर गडवाल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नेमीचन्द मीणा, सरपंच संघ राष्ट्रीय सचिव व कोटा संभाग प्रभारी कृष्णमुरारी दिलावर ने अलोद सरपंच दुर्गेश चोपदार व कुम्भकोट सरपंच सुरेन्द्र सिंह सिसोदिया को प्रदेश सरपंच संघ सदस्य का नियुक्ति पत्र सौपा गया जिलाध्यक्ष घनश्याम यादव ने 4 फरवरी को जयपुर मे सरपंचों का कार्यकाल बढ़ाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के स्वागत अभिनंदन के लिए खैराबाद पंचायत समिति से सभी सरपंचों को जयपुर जाने के लिये अवगत करवाया इस दौरान बैठक मे खैराबाद सरपंच संघ अध्यक्ष लखारिया सरपंच धर्मराज धाकड, महामंत्री खैराबाद सरपंच बाबूलाल लोधा, सलावद खुर्द सरपंच राकेश योगी, लक्ष्मीपुरा सरपंच गुमानसिह सिसोदिया, कुकडाखुर्द सरपंच धनराज गुर्जर, पीपल्दा सरपंच प्रतिनिधि सांवरलाल मेघवाल, अरनिया सरपंच प्रतिनिधि बसन्त गुर्जर, देवलीखुर्द सरपंच घनश्याम धाकड, बडोदिया सरपंच जयलाल बैरवा, रीछडिया सरपंच संतोष चोपदार, खीमच सरपंच देवीशंकर भील, कुदायला सरपंच प्रतिनिधि मुकेश मीणा, सातलखेडी सरपंच सुषमा गोठवाल, देवलीकला सरपंच प्रतिनिधि बन्टी सेन, मोडक स्टेशन सरपंच प्रतिनिधि जैकी भाई, सालेडाखुर्द सरपंच प्रतिनिधि जसवंत मीणा, घाटोली सरपंच प्रतिनिधि राजू मीणा, असकली सरपंच आबिद भाई, सहरावदा सरपंच विनोद बैरवा, हिरयाखेडी सरपंच कैलाश मीणा सहित अन्य सरपंच मौजूद रहे।

## तीर्थनगरी खैराबाद में सजा मां फलौदी का दरबार

डॉ० तौहीद



सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय मेडतवाल (वैश्य) समाज द्वारा रविवार को श्री फलौदी माता मंदिर खैराबाद में बसंत पंचमी महोत्सव धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। कुलदेवी मां फलौदी का प्राकट्य दिवस होने से मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली व अन्य राज्यों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने चरणवंदन कर हर वर्ग के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर व्यवस्था प्रभारी मोहनलाल चौधरी ने बताया कि बसंत ऋतु के आगमन पर तीर्थनगरी खैराबाद में मां फलौदी की शोभायात्रा में पीले फूलों की वर्षा की गई। अधिकांश समाज बंधुओं ने धवल पीताम्बर वस्त्र व पगडी पहनकर पूजन किया। कई नवविवाहित जोड़ों ने भी कुलदेवी का आशीर्वाद लिया। भक्तों को वर्ष में केवल एक बार बसंत पंचमी पर ही गुप्त नवरात्र में चरण पूजा करने का अवसर मिलता है। रविवार को शुभ मुहूर्त के अनुसार दोपहर 12:15 बजे से मुख्य द्वार के सिंहासन पर विराजित मां फलौदी की स्वर्णकलश, चांदी के चंवर, छड़ी, हार माला के साथ महाआरती पूजन एवं कपूर आरती की गई। फलौदी माताजी महाराज की बडी आरती घनश्याम गुप्ता मोहनलाल गुप्ता रावतभाटा एवं कपूर आरती सेवा प्राशी गुप्ता प्रदीप गुप्ता, बकानी द्वारा की गई। स्वर्ण चंवर सेवा गीताबाई मदनलाल गुप्ता, सोयत एवं अविरूप, अर्पित जमींदार, जीरापुर ने की। चांदी चंवर सेवा अनिल मेडतवाल, राजगढ दिलीप गुप्ता ब्यावरा, डॉ केसी गुप्ता, जयपुर व ओमप्रकाश गुप्ता, पढाना के परिजनों ने की। चांदी छडी से रजनी गुप्ता, छापीहेडा, नानूराम गुप्ता, झालरापाटन ने एवं 10 समाज बंधुओं द्वारा पारंपरिक माला हार से सेवा की गई।

बाहर से आये सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में खडे होकर जयकारे लगाते हुये बारी-बारी से दर्शन किये।

**मां फलौदी का है अष्टकोणीय मंदिर।**

मंदिर पुजारी पं. अशोक द्विवेदी ने बताया कि यह इकलौता अष्टकोणीय देवी मंदिर विश्वभर में प्रसिद्ध है। मां फलौदी में दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी तीनों देवियों की शक्तियां हैं। फलौदी माता के उंचे हस्त में दुर्गा का वास है। मां फलौदी को दुर्गा की द्वितीय ब्रह्मचारिणी का रूप माना गया है। दूसरा हस्त नीचे वरद मुद्रा में हैं, जो लक्ष्मी स्वरूप है। गदा-पदम लक्ष्मी के पास होते हैं, इसलिये अनन्त फल देने वाली फलौदी माताजी को गदा पदमधारी कहते हैं।

**तीर्थनगरी में निकाली भव्य शोभायात्रा।**

इससे पूर्व प्रातः 9 बजे मेला ग्राउंड से मंदिर तक मां फलौदी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें बद्रीलाल भंवरलाल गुप्ता, जीरापुर ने स्वर्ण कलश लिये। चांदी कलश लेकर राजेंद्र गुप्ता, दीपक गुप्ता व पंकज गुप्ता रामपुरा कोटा, सार्थक गुप्ता रटलाई, हरिमोहन, सौभाग्य गुप्ता, रामगंजमंडी, राधेश्याम गुप्ता, खिलचीपुर ने सेवायें दी। दिनेश गुप्ता, महेश गुप्ता कोटा एवं दीपक गुप्ता राजेंद्र गुप्ता, सुकेत ने चांदी चंवर से और पुरुषोत्तम गुप्ता, जयपुर, चंद्रप्रकाश घाटिया, पनवाड ने चांदी छडी से सेवा की। शोभा यात्रा में हरिशंकर गुप्ता, कोटा एवं गिरीराज सिंगी, ब्यावरा ने घुडसवारी की। शोभायात्रा में पीताम्बर परिधानो से सजे महिला व पुरूष श्रद्धालुओं ने माताजी के भजनों पर गुणगान किया। महापूजा के पश्चात छप्पनभोग स्थल पर श्रीफलौदी सेवा सदन में महाप्रसाद वितरण देर शाम तक जारी रहा।

## एसडीपीआई का पार्टी कन्वेंशन प्रोग्राम सम्पन्न

**- कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है:- अशफाक हुसैन**




बारां, (रॉयल पत्रिका)। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इण्डिया, बारां इकाई द्वारा रविवार को मांगरोल दरवाजा स्थित रैगर समाज के नोहरे में पार्टी कन्वेंशन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रवक्ता अलीम मंसूरी ने बताया कि प्रोग्राम के मुख्य अतिथि एसडीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष अशफाक हुसैन रहे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव नदीम अख्तर, कोटा वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता इम्तियाज अहमद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अब्दुल अजीज ने की। प्रोग्राम में बोलते हुए पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष अशफाक हुसैन ने कहा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इण्डिया पूरे भारत में दलितों और अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचारों और भेदभाव के खिलाफ खुलकर आवाज उठा रही है। साथ ही जेपीसी द्वारा विपक्षी सांसदों के सुझाव को दरकिनार करके वक्फ अमेन्टमेट बिल को पास करवाने की नापाक कोशिश के खिलाफ पार्टी पूरे देशभर में आंदोलन करेगी। एसडीपीआई के प्रदेश महासचिव नदीम अख्तर ने कहा आज के इस पार्टी कन्वेंशन कार्यक्रम मंक बड़ी संख्या में नए लोगों ने पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इससे पार्टी की लोकप्रियता का पता चलता है कि युवा कांग्रेस व भाजपा के झूठे व खोखले वादों से हताश हो चुका हैं। जिलाध्यक्ष अब्दुल अजीज ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए व भेदभाव को खत्म करने के लिए पार्टी से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए। इस दौरान प्रदेश कमेटी सदस्य इफ्तिखार अहमद बब्लू, जिला उपाध्यक्ष हाजी अशफाक अंसारी, शहादत अंसारी, सलामत अंसारी, इरशाद अंसारी, मुफ्ती मोहम्मद उमर मजाहिरी, मौलाना सलमान नदवी, हाफिज आरिफ, शेर अली, जहूर अहमद सर्राफ, हाजी वहीद शेख, वसीम शेख, शोएब अंसारी, साबिर शेख सहित सैकड़ों की तादाद में लोग मौजूद रहे। प्रोग्राम का संचालन प्रदेश कोषाध्यक्ष जाकिर रंगरेज ने किया।

## जिला स्तरीय पर्यटन विकास समिति की बैठक सम्पन्न

**शब्बीर हुसैन**



बांरा, (रॉयल पत्रिका)। जिला स्तरीय पर्यटन विकास समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर कार्यालय में आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने पर्यटन से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिले के पर्यटक स्थलों में शाहाबाद किला, शेरगढ़ किला एवं अभयारण्य, सोरसन, बिलासगढ़ एवं रामगढ़ क्रेटर समेत अन्य पर्यटन स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

पर्यटन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और उनकी गुणवत्ता एवं समयसीमा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने इको टूरिज्म की शुरुआत को लेकर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इसके तहत जिले के प्राकृतिक स्थलों को पर्यावरण के अनुकूल विकसित किया जाएगा, ताकि पर्यटकों को स्वच्छ और सुंदर वातावरण में पर्यटन का अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा पर्यटन स्थलों पर वॉच टावर (निगरानी टावर) एवं वन क्षेत्र में पुलिया की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से किया जाए, जिससे पर्यटकों को आवाजाही में सुविधा होगी और ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण किया जा सकेगा। जिला कलक्टर ने कहा पर्यटन स्थलों पर उचित मार्गदर्शन के लिए साइन बोर्ड लगाए जाए। जिससे आगंतुकों को जानकारी मिल सके। इसके अलावा, साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जहां डस्टबिन नहीं है वहां लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिलासागढ़ में प्राचीन मूर्तियों और धरोहरों को सुरक्षित रखने के लिए एक म्यूजियम बनाया जाए। शेरगढ़ किला और अभयारण्य में वन्यजीवों के संरक्षण के लिए विशेष कार्य करने एवं इसमें वन विभाग की ओर से सुरक्षा उपाय बढ़ाने, वन क्षेत्र में सुधार, अतिक्रमण एवं अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की रणनीति पर विचार किया गया।

बैठक में जिला कलक्टर ने बजट घोषणा 2025-26 के संबंध में प्रस्तावों एवं आगामी वित्तीय वर्ष में जिले को पर्यटन के लिए मिलने वाले बजट पर चर्चा की गई और नए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। जिले में पर्यटन विकास के लिए नए प्रस्ताव, पर्यटन को और अधिक विकसित करने के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार, प्रचार-प्रसार और निजी निवेश को लेकर चर्चा की गई।

वहीं खाद्य कला संस्थान, बारां के आवश्यक प्रगतिरत कार्यो को लेकर कमेटी गठन करने एवं संचालन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में शाहाबाद एडीएम जबर सिंह, सीईओ जिला परिषद राजवीर सिंह चौधरी, जिला पर्यटन अधिकारी सिराज कुरैशी, डीएफओ अनिल यादव, डीएफओ अनिल चौधरी, खाद्य कला संस्थान ओएसडी रजनी कुमारी, एसीएफ नवनीत शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पंचायत अंसारियान समिति कोटा का 25 वां इज़्तिमाई सम्मेलन संपन्न



कोटा, (रॉयल पत्रिका)। पंचायत अंसारियान समिति कोटा का 25 वाँ इज़्तिमाई निकाह प्रोग्राम (सम्मेलन) 2 फरवरी 2025 रविवार को दशहरा मैदान, कोटा में संपन्न हुआ। पंचायत अंसारियाँन समिति के सदर लियाकत हुसैन अंसारी ने बताया की शहर काजी जुबेर अहमद की सरपरस्ती में 15 जोड़ों का निकाह प्रोग्राम दशहरा मैदान में संपन्न हुआ।

इज्तेमाई निकाह सम्मेलन में 15 जोड़ो ने निकाह कुबूल कर एक दूसरे का हाथ थामा। शहर काजी जुबेर अहमद ने सभी जोड़ो को सादगी के साथ जिंदगी गुजारने की बात कही। प्रोग्राम में आए अतिथियों ने कड़ी-पुड़ी, नुक्ती व नमकीन के साथ लजीज खाने का लुत्फ उठाया। प्रोग्राम में शहर काजी जुबेर अहमद, उप महापौर सोनू कुरेशी, पंचायत अंसारियांन समिति के सदर लियाकत हुसैन अंसारी, पूर्व मनोनीत पार्षद और वरिष्ट उपाध्यक्ष जरगाम अहमद, पार्षद परवेज शिब्बू, पार्षद साहिब हुसैन अंसारी, मुख्तार हुसैन अंसारी, हाजी सिराज अंसारी, हाजी अनवर अंसारी ने दूल्हे - दुल्हनों को खुशियों के साथ जिंदगी गुजारने की दुआएं दी। इस दौरान पंचायत के जनरल सेक्रेटरी अकील अंसारी, पंचायत के खाजीन रिजवानुद्दीन अंसारी, जहूर अंसारी, जमील अंसारी, नईम दानिश, आबिद हुसैन अंसारी, सलीम अंसारी, साबिर अंसारी, शुजाअत अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**फिरोज खान वारसी**



झालावाड़, (रॉयल पत्रिका)। विश्व आद्भमि दिवस के अवसर पर लव कुश वाटिका स्थित वेटलैंड बडबेला तालाब पर 2 फरवरी को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला पर्यावरण समिति एवं वन विभाग झालावाड़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर झालावाड अजय सिंह राठौड़ द्वारा की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम इंटरप्रिटेशन सेंटर का रिवन काटकर जिला कलेक्टर द्वारा शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात झालावाड़ के पक्षियों से संबंधित चित्रों का गैलरी में अवलोकन किया तथा लव कुश वाटिका आने वाले लोगों के लिए वन्य जीव संबंधी जानकारी देने हेतु प्रोजेक्टर का भी शुभारंभ किया इसके बाद वेटलैंड परिसर में नीम का पौधा भी लगाया।

मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संजू कुमार शर्मा सहायक वन संरक्षक, पिड़ावा ने वेटलैंड बडबेला पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि विगत 6 माह में 5000 से अधिक लोग वाटिका और बडबेला का भ्रमण करने आ चुके हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए सागर पवार ,उपवन संरक्षक झालावाड़ ने झालावाड़ के वन, वन्य जीव तथा वन विभाग द्वारा इको टूरिज्म हेतु किया जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दिलीप कुमार शर्मा ,प्रोफेसर राजकीय कन्या महाविद्यालय भीलवाड़ा ने वेटलैंड की महत्ता और झालावाड़ में संभावनाएं विषय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उदयभान सिंह प्रबंधक संकल्प सैनिक स्कूल झालावाड़ द्वारा प्रेरक प्रसंग के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान वेटलैंड व वाटिका परिसर में अपने जन्म दिवस और अन्य अवसरों पर पौधारोपण करने वाले व्यक्तियों संगठनों तथा प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर बोलते हुए जिला कलेक्टर झालावाड़ द्वारा झालावाड़ के प्राकृतिक सौंदर्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि झालावाड़ में अनेक तालाब और वेटलैंड है जिनमें प्रवासी और अप्रवासी पक्षियों का बसेरा रहता है ,उन्होंने कहा कि हजारों किलोमीटर दूर की यात्रा कर पक्षी यहां आते हैं उन्होंने वेटलैंड बडबेला एवं पक्षी गैलरी की भी सराहना की। अंत में सहायक वन संरक्षक झालावाड़, मुकेश सहजवानी द्वारा आगंतुकों का धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री नरेंद्र दुबे व पूनम रोतैला द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री रामस्वरूप गुर्जर लव कुश वाटिका प्रभारी सहित जिले के समस्त क्षेत्रीय वन अधिकारी व वन मंडल झालावाड़ का स्टाफ उपस्थित रहा।

# विश्व प्रसिद्ध पशु मेला शुरू हुआ, 30 जनवरी से 12 फरवरी तक चलेगा




नागौर, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर श्री रामदेव पशु मेला हर वर्ष की भांति इस बार भी शहर के पास मेला मैदान परिसर में आयोजित होगा। मेले की व्यापक तैयारियों के संबंध में जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने मंगलवार को मेला कार्यकारिणी समिति की बैठक ली। इस दौरान जिला कलेक्टर ने बैठक में मेले में आने वाले पशुपालकों तथा मेले के दौरान गौ (बैल) वंश, अश्व वंश, उष्ट्र वंश आदि के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं करने तथा मेले में आने वाले पशुओं के पीने के पानी के लिए मेले में निर्मित हौजों में पर्याप्त पानी भरने, पशुपालकों के लिए खाने की व्यवस्था, टेंट की व्यवस्था, नीलामी की गई दुकानों की जानकारी आदि पर चर्चा करते हुए मेले में सुचार व्यवस्था रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने बताया कि श्री रामदेव पशु मेला विश्व विख्यात पशु मेला है, जहां राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पुणे सहित विभिन्न राज्यों से व्यापारी वर्ग के लोग भी खरीदारी के लिए आते हैं। वहीं मेले में पर्यटकों का भी जमावड़ा लगा रहता है, जिन्हें किसी प्रकार की अनहोनी व असुविधा न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन व पशुपालन विभाग संयुक्त रूप से आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखें। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त से मेले में श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत खान की उपलब्धता, पशुपालन विभाग से मेले के दौरान प्रवेश को लेकर चर्चा की। इस दौरान पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक महेश कुमार मीणा ने बताया कि 30 जनवरी को झंडारोहण के साथ मेले की शुरुआत होगी, जो 12 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। वहीं मेले के दौरान विभिन्न पशु प्रतियोगिताएं भी आयोजित होगी। इस दौरान उत्कृष्ट परिणाम वाले पशुपालकों को सम्मानित भी किया जाएगा।वहीं मेले के दौरान पशुपालकों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक संध्या का आयोजन पशुपालन विभाग, नगर परिषद व पर्यटन विभाग की ओर से किया जाएगा

# उड़ती धूल, टूटी सड़कें, सीवरेज का पानी बना बी रोड की पहचान



नागौर (रॉयल पत्रिका)। नागौर जिला मुख्यालय के गांधी चौक से दिल्ली दरवाजा जाने वाली बी रोड इन दोनों बी रोड के बजाय टूटी सड़के, उड़ती धूल और सिवरेज के गंदे पानी की वजह से परेशानी हो रही है, दरअसल यहां पिछले कई सालों से सड़क टूटी होने की वजह से दोबारा नहीं बनाई गई, बड़ी बात की है कि इन सड़कों का टेंडर पिछले काफी लंबे समय से हो चुका है लेकिन प्रशासन की तरफ से तवज्जों नहीं देने की वजह से और ठेकेदार की लापरवाही की वजह से रोजाना लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इलाके के लोगों का कहना है कि सड़क टूटी होने की वजह से दिनभर धूल उड़ती रहती है वही सिवरेज की गंदगी की वजह से हम लोगों का जीना दुश्वार हो चुका है।

**दिन भर रहता है गाड़ियों का आवागमन**

वही दिल्ली दरवाजा जाने के लिए गांधी चौक से बी रोड का सहारा रोजाना सैकड़ो मुसाफिर लेते हैं, यह दिन भर में तकरीबन 2000 से गाड़ियां गांधी चौक से दिल्ली दरवाजे के लिए जाती है लेकिन फिर भी यहां पर समाधान नहीं हो रहा, लोगों का कहना है कि स्थानीय लोगों को भी अपनी गाड़ियां निकालने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, यदि यही हाल यहां पर रहे तो वह दिन दूर नहीं जब हम लोग सड़कों पर उतरेंगे।

**जल्द से जल्द समाधान हो**

बी रोड स्थानीय लोगों का कहना है तब से लेकर आज तक यहां पर कई बार सड़के बनाई गई लेकिन जो सड़कों की हालत पिछले कुछ सालों से यहां पर हो रही है उसे पता लगता है कि भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है जो ठेकेदार यहां पर लापरवाही बरत रहा है उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।

# मेडिकल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**- रतनगढ़ सीएमएचओ टीम की शानदार जीत, डॉ. इदरीस बने मैन ऑफ द सीरीज**



चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित सेठाणी के जोहडा सरदारशहर रोड पर चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का चार दिवसीय मैच का फाइनल मैच हुआ। जिसमें मेडिकल प्रीमियर लीग में रतनगढ़ सीएमएचओ की शानदार जीत चूरू पि. डी. यू. मेडिकल कॉलेज को 11 ओवर से हराया। डॉ. इदरिश बने मैन ऑफ द सीरीज रहे। चूरू के सेठाणी जोहड़ में आयोजित मेडिकल प्रीमियर लीग का रोमांचक फाइनल मुकाबला रतनगढ़ सीएमएचओ की टीम ने जीत लिया। चूरू मेडिकल कॉलेज की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्ले बाजी करते हुए 12 ओवर में 89 रन बनाए। जवाब में रतनगढ़ सीएमएचओ की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए महज 11 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. मुमताज अली ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं मेडिकल क्षेत्र के कर्मचारियों को तनाव से मुक्ति दिलाने में सहायक है। विजेता टीम के कप्तान संग्राम सिंह को ट्रॉफी के साथ 11 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। उपविजेता टीम को 5100 रुपए और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। डॉ. इदरिश खान को मैन ऑफ द सीरीज और रंजीत को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. मनोहर भाटिया, मेडिकल कॉलेज के डिप्टी प्रिंसिपल डॉ. गजेंद्र सक्सेना और अस्पताल अधीक्षक डॉ. हनुमान जयपाल, डॉ अजय कुमार,डॉ प्रदीप, डॉ संदीप अग्रवाल, डॉ अख्तर खान, डॉ पुष्पा खारड़िया, महम्मुद राणा, आसिफ खान विजन समेत काफी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे। भामाशाह व सहयोग कर्ताओं को भी सम्मानित किया गया प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर, बल्लेबाज, कमेंटेटर और फील्डर को भी सम्मानित किया गया। जीत के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने डांस किया और आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया। क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजनकर्ता अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अहसान गोरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. महेश मोहन पुकार ने जिला राजकीय डीबी अस्पताल का निरीक्षण किया



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित पीडीयू मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. महेश मोहन पुकार ने राजकीय डीबी अस्पताल में मरीजों को अनावश्यक रेफर करने की प्रथा पर रोक लगा दी है। बुधवार को अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि अब किसी भी मरीज को रेफर करने से पहले उनकी अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि अब डीबी अस्पताल में किसी भी रोगी को रेफर मुझसे पूछकर करें। बिना बड़े कारण के अस्पताल से रोगियों को रेफर नहीं किया जायेगा। मेडिकल कॉलेज अस्पताल होने के बाद भी यहां से रोगी रेफर हो रहे हैं। यह गलत बात हैं। पहले यहां क्या चल रहा था। मुझे इससे कोई लेना देना नहीं हैं। मगर अब ऐसा नहीं होगा। अस्पताल में आने वाले रोगियों को सरकारी सेवाओं का पूरा लाभ मिलेगा। विशेष रूप से प्रसूति विभाग में, उन्होंने स्पष्ट किया कि गर्भवती महिलाओं को केवल अत्यंत गंभीर स्थिति में ही रेफर किया जाएगा। डॉ. पुकार ने इमरजेंसी वार्ड में कई महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा की। उन्होंने निर्देश दिए कि ऑन-कॉल डॉक्टरों को अब मोबाइल पर ईसीजी, एक्स-रे या सीटी स्कैन की रिपोर्ट नहीं भेजी जाएंगी, बल्कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से वार्ड में आकर मरीजों की जांच करनी होगी। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड के डॉक्टर व नर्सिंग रूम में रखे दो-दो बेड को देखकर नाराजगी जताते हुए कहा कि यहां सोने आते हो या ड्यूटी करने। अब अस्पताल में ऐसा बिल्कुल भी नहीं होगा। इसके बाद उन्होंने स्टाफ के लिए रखे गए बेड को हटाने का आदेश दिया। अस्पताल की सफाई व्यवस्था को देखते हुए डॉ. पुकार ने कहा कि आज निरीक्षण का पहला दिन हैं। इसलिए केवल हिदायत दे रहा हूं। मगर अब निरीक्षण के दौरान लचर सफाई व्यवस्था मिलने पर संबंधित के लिए एक्शन लिया जायेगा।निरीक्षण के दौरान डॉ. पुकार ने गायनी, पीडियाट्रिक, जे एस एस वाई, मदर मिल्क बैंक, ओपीडी, ब्लड बैंक, पीकू, नीकू वार्ड सहित सभी विभागों का दौरा किया। इस दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ. हनुमान जयपाल, डॉ. संदीप कुल्हरी, डॉ. शकील अहमद और वेदप्रकाश सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# केंद्र के आम बजट ने एक बार फिर राजस्थान को निराश किया: हनुमान बेनीवाल




नागौर, (रॉयल पत्रिका)। केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा संसद में प्रस्तुत आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि इस बजट ने एक बार फिर राजस्थान को निराश किया है। उन्होंने कहा कि बजट में केवल उन राज्यों को ध्यान में रखा गया है जहां चुनाव हैं, जो एक अच्छी परंपरा नहीं मानी जा सकती। सांसद बेनीवाल ने आगे कहा कि इस बजट में किसानों और युवाओं को कोई राहत नहीं मिली। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन इस बजट में किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि वित्त मंत्री ने केवल आंकड़ों के मायाजाल में उलझाने का प्रयास किया और किसानों की कर्ज माफी और एमएसपी पर खरीद का गारंटी कानून लाने की कोई बात नहीं की, जबकि देश में किसानों के मुद्दे पर आंदोलन चल रहा है। सांसद बेनीवाल ने कहा कि देश का गरीब और मध्यम वर्ग बढ़ती महंगाई से जूझ रहा है, लेकिन महंगाई पर राहत देने के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए गए। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई थी कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी की जाएगी, लेकिन इस विषय पर भी बजट में कोई उल्लेख नहीं किया गया। युवाओं के रोजगार पर भी बेनीवाल ने सवाल उठाया और कहा कि इस बजट में सरकारी क्षेत्र में रोजगार देने की कोई बात नहीं की गई, साथ ही स्थाई रोजगार के ठोस उपायों का भी कोई जिक्र नहीं था। राजस्थान को लेकर भी बेनीवाल ने निराशा व्यक्त की और कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने, विशेष पैकेज देने जैसी घोषणाओं की उम्मीदों पर फिर से पानी फेर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि वे राष्ट्रपति अभिभाषण और आम बजट पर चर्चा के दौरान राजस्थान के मुद्दों को प्रभावी रूप से उठाएंगे।

# राजकीय खेमका उच्च प्राथमिक विद्यालय चूरू का वार्षिक समारोह धूमधाम से संपन्न



चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय खेमका उच्च प्राथमिक विद्यालय का वार्षिक समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इस्माइल खान (एडिशनल एस पी झुंझुनू राजस्थान), विशिष्ट अतिथि गोविंद सिंह राठौड़ मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, ओमदत्तजी सारण रहे एवं विशिष्ट अतिथि विजेंद्र दाधीच सहायक निदेशक सीडीओ,विनय कुमार सोनी, उस्मान अंसारी,प्रताप सिंह नाथावत अशोक सिंह शेखावत, यासीन खान एसएमसी अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में विजयलक्ष्मी शर्मा के साथ बालिकाओं ने सभी अतिथियों का तिलकर्चन करके स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय ओम दत्त सारण और इस्माइल खान एडिशनल एसपी ने मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानाध्यापक रूप सिंह निर्बाण ने विद्यालय की पिछली 3 साल की प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोविंद सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रधानाध्यापक रूप सिंह निर्बाण में पिछले तीन वर्षों में विद्यालय की काया पलट कर रख दी। नामांकन को भी दुगना कर दिया और एक करोड़ से भी ज्यादा का विकास कार्य करवाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस्माइल खान ने सभी बालकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा बालिकाओं को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करो तथा अपने विभाग के पोस्टर रिश्वत लेना और देना दोनों ही अपराध है उस पोस्टर का भी प्रचार प्रसार किया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों को प्रधानाध्यापक रूप सिंह, रामकुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, प्रताप बेनीवाल, कमलेश शर्मा, विजय लक्ष्मी शर्मा और मंजू पूनिया ने पुष्प गुच्छ भेंट कर शाल उढाकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रमुख भामाशाह के रूप में आर्थिक सहयोग करने के उपलक्ष में गोविंद सिंह राठौड़ ने तथा जावेद खान, अमीलाल धेतरवाल, एडिशनल एस पी इस्माइल खान, रमजान गुर्जर, लियाकत अली, अहमद अली, इस्लाम खान, नूर मोहम्मद खान, आरिफ खान, दौलत खानी, यासीन खान अध्यक्ष एमसी सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बालक-बालिकाओं को उत्साह वर्धन करने के लिए इस्माइल खान ने 5100, उस्मान अंसारी ने 5100, अमीलाल धेतरवाल ,सुनील शर्मा ने क्रमशः 2100 रुपए की धनराशि दिए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम में आईसा एंड पार्टी ने सरस्वती वंदना प्यारो राजस्थान फलक एंड पार्टी ने मिश्री सी मीठी बोली की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन मुबारक खान एवं मंजू पूनिया ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय प्रधानाध्यापक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सांचौर जिला निरस्त करने का मामला पहुंचा हाईकोर्ट, सरकार से मांगा जवाब



सांचौर, (रॉयल पत्रिका)। सरकार द्वारा सांचौर जिला खत्म करने के विरोध में सांचौर संघर्ष समिति का धरना लगातार जारी है। धरनार्थियों ने कहा कि जब तक हमारा जिला वापस नहीं मिलता तब तक ये धरना जारी रहेगा। हर दिन अलग-अलग गांव के ग्रामीणों द्वारा धरना स्थल पर पहुंच कर प्रतिदिन उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिन संख्या में ग्रामीणों व किसानों का सहयोग मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सांचौर से जालौर की दूरी अधिक होने की वजह से किसान मजदूर वर्ग को जिला स्तर का कार्य करने में अत्यधिक बांधा आ रही है। सरकार सांचौर की जनता के साथ भेद भाव कर रही है। उन्होंने सांचौर जिले को पुनःबहाल करने की मांग करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रैली निकाल कर सरकार की आलोचना की।" सरकार को चेतावनी देते हुए बताया कि जब तक सरकार जिला बहाल नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। जबकि वर्तमान सरकार द्वारा कौनसे आधार पर जिलों को निरस्त किया गया कोई स्पष्ट नहीं है। सांचौर जिला बनने से जिला मुख्यालय नजदीक होने पर आमजन के लोगों के सभी जिले स्तर के कार्य जल्द होने लगे व आर्थिक बोझ भी ज्यादा नहीं रहा। सांचौर जिला निरस्त करके सांचौर की जनता के साथ अन्याय किया है। अब सांचौर की जनता ने कोर्ट की शरण ली है। अब जिला रद्द करने के मामले में कोर्ट से उम्मीद है कि हमारे साथ न्याय होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के धरने का असर होना शुरू हुआ है। सरकार ने सांचौर में एडीएम कार्यालय खोला है, लेकिन हम जिला कलेक्टर बैठने से पहले कोई समझौता नहीं करेंगे। सांचौर जिले को किस आधार पर निरस्त किया गया। यह सरकार क्यों नही बता पा रही है। सूचना के अधिकार में जानकारी मांगने पर गोपनीय होने का हवाला देते हुए सूचना देने से मना किया जा रहा है। यह सरकार की हठधर्मिता है, ऐसी हठधर्मिता किसी भी सुरत में बर्दाशत नहीं की जाएगी। पटेल मोहम्मदशाह, पीराराम देवासी फालना, केशाराम मेहरा, किशनलाल देवासी, हकीमशाह, जयराम सुथार, देवाराम भील, सुल्तानशाह, रवाराम गर्ग, नारायण मेघवाल, भरत भाटीया विरोल, छगनलाल, रमेश देवासी वड्सम, अमलुराम सारण, दिनेश सारण, वगाराम सारण, किशनलाल लोल सहीत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# सभापति निलोफर गौरी ने मोहम्मद अतीक से की मुलाकात



जोधपुर, (रॉयल पत्रिका)। सुजानगढ चुरू नगरपरिषद सभापति निलोफर गौरी ने अपने जोधपुर प्रवास के दौरान मारवाड शरिआ को-ऑपरेटिव क्रेडिट एण्ड सेविंग्स सोसायटी लिमिटेड में मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन एवं मारवाड़ मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के महासचिव मोहम्मद अतीक से गर्मजोशी के साथ मुलाकात की। मोहम्मद अतीक ने कहा कि ये बड़ी खुशी व फख़्र का मक़ाम है कि निलोफर हमारी फिरोज खान गर्ल्स स्कूल की काबिल छात्रा रही है। उन्होंने निलोफर से मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी, शरिआ सोसायटी एवं इससे जुड़े सभी संस्थानों की प्रगति एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी साझा की। निलोफर गौरी ने मोहम्मद अतीक से सुजानगढ में शीघ्र खुलने वाले कॉलेज की स्थापना एवं सफल संचालन के सम्बंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर निलोफर गौरी के पिता अख्तर हुसैन, निलोफर गौरी के पति इरशाद गौरी, चुरू पार्षद, कांग्रेस प्रवक्ता एवं निलोफर गौरी के ससुर इदरीस गौरी, सोसायटी सदस्य युसूफ मंसूरी, मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स डीन डॉ. मोईनउलहक, निलोफर गौरी के पुत्र साद गौरी व सयान गौरी भी मौजूद रहे।

# चूरू पीडीयू मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर महेश मोहन पुकार से मुलाकात की



**मोहम्मद अली पठान**

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर पीडीयू मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल का पद ग्रहण करने पर डॉ महेश मोहन पुकार को कई सामाजिक संगठनों द्वारा व राजकीय जिला डीबी अस्पताल के स्टाफ, डॉक्टर्स, ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ज्ञात रहे डॉ महेश पुकार पहले भी चूरू पीडीयू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य रह चुके हैं। अब फिर 25 जनवरी को पद ग्रहण किया है। इसी क्रम में जर्नलिस्ट मोहम्मद अली पठान, डॉ अख्तर खान , डॉ पुष्पा खारड़िया ने मुलाकात की और गुलदस्ता भेंट किया। जर्नलिस्ट पठान ने जब प्रिंसिपल डॉ पुकार से पूछा की जिला अस्पताल ए श्रेणी का होने के बावजूद यहां से छोटे से ऑपरेशन के लिए भी डॉक्टर मरीज को जयपुर या बीकानेर रैफर कर देते हैं, तो इसके लिए आप क्या कहेंगे इस पर उन्होंने जवाब दिया कि "मैंने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया है वहां की व्यवस्थाएं देखी और पूरे स्टाफ को सख्त निर्देश दिए हैं कि मरीजों को अनावश्यक रेफर नहीं करें। यहां पर मेडिकल कॉलेज है। हमारे पास सब सुविधाएं हैं अच्छे डॉक्टर भी हैं इसलिए रेफर करने से पहले अनुमति लेनी होगी"।

# हरचंदराम चौधरी बने बर्तन व्यापार संघ के अध्यक्ष



सांचौर, (रॉयल पत्रिका)। बर्तन व्यापार संघ के व्यापार मंडल के व्यापारियों की बैठक व्यापार संघ के अध्यक्ष मंगलाराम की अध्यक्षता में शहर के मेहता मार्केट में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्व प्रथम व्यापार मंडल की बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया गया और नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी व्यापारियों ने सर्वसम्मति से हरचंदराम चौधरी को अध्यक्ष, साबिर हुसैन मेमण को उपाध्यक्ष, सांवलाराम माली को को सचिव, डुंगराराम प्रजापति को सह सचिव और चतराराम देवासी को कोषाध्यक्ष के पद पर चुना गया। इस दौरान नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने व्यापारियों के हित में कार्य करने की बात कहीं और व्यापारियों के सहयोग से व्यापार मंडल के कार्यो को सुचारू रूप से संचालित करने और हर समस्या को हल करने की हर संभव काशिश करेंगें। बैठक में उपस्थित सभी व्यापारियों ने पूर्व अध्यक्ष मंगलाराम का साफा पहनाकर सम्मान किया और नक निर्वाचित अध्यक्ष हरचंद राम चौधरी को साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सभी व्यापारियों ने मुंह मीठा कर सभी को शुभकामनाएं दी और खुशी जाहिर की। इस मौके पर केवलाराम, वासुजी, कुर्बानअली नागौरी, हाजी जाकिर हुसैन, सांवलाराम, डुंगराराम सहीत बर्तन व्यापार के व्यापारी मौजूद थे।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री के जन्मदिवस पर सरवरी युवा संगठन द्वारा रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्तदान किया



सांचौर, (रॉयल पत्रिका)। मुस्लिम मुसाफिर खाना बाड़मेर रोड सांचौर में पूर्व कैबिनेट मंत्री साले मोहम्मद के जन्मदिवस के अवसर पर सरवरी युवा फांउडेशन एण्ड एज्युकेशन ट्रस्ट द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित किया। सरवरी युवा संगठन के अध्यक्ष गगुशाह हाथावाड़ा ने बताया कि समाज के युवा वर्ग ने पूर्व मंत्री के जन्मदिवस के उपल्क्ष में बढ़ चढ़ कर रक्तदान कर हौसला बढ़ाया। रक्तदान करने वाले रक्तुवीरों को सरवरी युवा संगठन के अध्यक्ष गगुशाह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पार्षद अमित कोटवाल, पूर्व पार्षद मोहम्मद शाहिद, मजिद खान बेहलिम, मास्टर रहीम खॉन चौरा, ईब्राहीम शाह भाटी, गुल मोहम्मद राजड़, सतार खान राजड़, सरफराज खान बेहलिम, सुल्तानशाह, नजीरशाह, अकबरशाह, हासमशाह, मिश्रीशाह, मोहम्मद रफीक, साबीर खॉन, रेहमानखॉ, रोशन खॉ नोहड़ी, मंजुरशाह, पीर मोहम्मदशाह, आहमद शाह, आरिफ खॉ, सईद खॉ बेहलिम, हनीफ खॉन, मोहम्मद अरमान, आरिफ खॉ, सलमान खॉ, मोहम्मद रहीम, शेहजाद भाई, रमिज खॉ, रईश खॉन, ददु खॉन, प्रदीप कुमार विश्नोई, आहमदशाह, नरेन्द्र जाट, रबि खॉन, जामीर खॉन, ईमरान खॉन, अकबर अली, रोशन खॉन, शब्बीर खॉन, अब्दुल रहमान, मुबारक खॉन, वसीम अकरम, भगवानाराम माली, विक्रम मेघवाल, मगन खॉ, मुरीद खॉन, जावेद खॉन, रसुल खॉ मुमण सहीत कई रक्तवीरों का एवं शिविर में सहयोग देने वालों का सरवरी युवा फांउडेशन एण्ड एज्युकेशन ट्रस्व की और शुक्रिया अदा किया गया।

# पीर की जाल मदरसा का वार्षिक उत्सव जलसा व उर्स पीर लाल मोहम्मदशाह 11 फरवरी को



सांचौर, (रॉयल पत्रिका)। उपखण्ड मुख्यालय से मात्र 7 किमी की दूरी पर स्थित अल मशहूर दरगाह हजरत मख्दूम पीर डाडा अब्बनशाह रे.अ. पीर की जाल पर दारूल उलुम फैजे सरवरी के वार्षिक उत्सव प्रोग्राम जलसा 11 फरवरी मंगलवार को आयोजित होने जा रहा है। दारूल उलुम फैजे सरवरी के नाजिमें आला खलीफा मोहम्मद बक्ष ने बताया कि सुबह फ़जर नमाज के बाद कुरानख्वानी होगी सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर जौहर नमाज तक इस्लामी धार्मिक विद्वानों व उल्माए अहले सुन्नत का नुरानी बयानात होगा। वार्षिक उत्सव में इस वर्ष सफल हुए विद्यार्थियों को इदारा के छात्रों की दस्तार बंदी होगी। कार्यक्रम के दौरान दो छात्रों को डिग्री दे कर नवाजा जायेगा।

